

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




आ रहे हैं 'राम'

वर्ष : 26 अंक : 22 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 12 जनवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


# श्रीराम ने जहां बिताया वनवास, वहां प्रधानमंत्री ने की पूजा

## नासिक के श्री कालाराम मंदिर में पूजा अर्चना, मंजीरा भी बजाया





**नासिक ( एजेंसी )।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नासिक और मुंबई दौरे पर हैं। पीएम ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करने के लिए महाराष्ट्र के नासिक पहुंचे हैं। पीएम ने नासिक में रोड शो किया और उनके साथ सीएम शिंदे और डिप्टी सीएम अजित पवार भी शामिल हैं। नासिक में कार्यक्रम स्थल और उसके आसपास भारी सुरक्षा तैनात की गई है।

अपनी यात्रा में पीएम मोदी ने सबसे पहले नासिक के कालाराम मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने गोदावरी नदी के किनारे स्थित रामकुंड में भी पूजा-अर्चना की। श्री कालाराम मंदिर में उन्होंने वाद्ययंत्र (मंजीरा) भी बजाया मान्यता है कि वनवास के दौरान भगवान श्रीराम यहां रूके थे। इस प्राचीन मंदिर में भगवान राम की मूर्ति भी स्थापित है। 1782 में नागर शैली में बने इस प्राचीन मंदिर की देश दुनिया में काफी मान्यता है। इसके बाद पीएम आज मुंबई का मेकओवर करने वाले भारत के सबसे लंबे माने जाने वाले सागरीय पुल मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक-एमटीएचएल (अटल सेतु) का उद्घाटन करेंगे।

## 'मेरा सौभाग्य कि पुण्य अवसर का साक्षी बनूंगा'

### रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री ने शुरू किया विशेष अनुष्ठान



**मुंबई ( एजेंसी )।** अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अब केवल 10 दिन शेष हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा देश राममय हो गया है। इस बीच प्रधानमंत्री ने प्राण प्रतिष्ठा के लिए विशेष अनुष्ठान भी प्रारंभ कर दिया है।

राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सोशल मीडिया पर विशेष संदेश जारी किया। इस संदेश में पीएम मोदी ने अपनी मां को भी याद किया। मां का जिक्र कर पीएम मोदी भावुक हो गए। साथ ही पीएम मोदी ने ये भी बताया कि वह राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए आज से 11 दिन का विशेष अनुष्ठान शुरू करने जा रहे हैं।

ऑडियो संदेश के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद की जयंती है, जिन्होंने हजारों वर्षों से आक्रांतित भारत की आत्मा को झकझोरा था। आज वह आत्मविश्वास भव्य राम मंदिर के रूप में हमारी पहचान बनकर सबके सामने है। सोने पर सुहागा ये है कि आज माता जीजाबाई जी की जन्म जयंती है, जिन्होंने छत्रपति शिवाजी के रूप में एक महामानव को जन्म दिया। पीएम मोदी ने कहा कि 'जब जीजाबाई का जिक्र कर रहा हूं तो सहज ही मुझे अपनी मां की भी याद आना स्वभाविक है। मेरी मां जीवन के अंत तक माला जपते हुए सीता-राम का ही नाम भजा करती थीं। पीएम ने एक्स पर भी पोस्ट किया है जिसमें उन्होंने लिखा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया के x प्लेटफार्म पर एक वीडियो किया जिसमे उन्होंने लिखा है कि 'अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में केवल 11 दिन ही बचे हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दादा-पोते का एक साथ हुआ अंतिम संस्कार

### जेवर के मोहल्ला जाटवान में पसरा मातम



**जेवर।** जहांगीरपुर में बीमारी के चलते एक बुजुर्ग की मौत हो गई। उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए मृतक का पुत्र व पौत्र स्कूटी से जहांगीरपुर आ रहे थे। पलवल हरियाणा में पीछे से तेजगति से आ रहे डंपर ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी जिससे पोते की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि मृतक के पिता भी मामूली रूप से घायल हो गये। डंपर चालक गाड़ी को घटनास्थल पर छोड़कर मौके से फरार हो गया।

मौहल्ला जाटवान जहांगीरपुर निवासी राजू मति (65 वर्ष) का बीमारी के चलते निधन हो गया था निधन की सूचना पर रविमति अपने नाबालिग पुत्र डेनियन उर्फ आयुष 16 वर्ष को गुड़गांव से स्कूटी पर सवार होकर जहांगीरपुर आ रहे थे। जहां हरियाणा पलवल के किठवाड़ी चौराहा पर पीछे से तेजगति से आ रहे डंपर ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। स्कूटी के परखच्चे उड़ गये। डंपर की चपेट में आने से नाबालिग आयुष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि मृतक के पिता रविमति भी घायल हो गये। (शेष पृष्ठ-3 पर)





### तीन भाई थे मृतक

मृतक आयूष तीन भाई थे जिनके वह सबसे बड़ा था। जो गुड़गांव में अपने पिता के कामों में हाथ बांटता था और पढ़ने लिखने में बेहद होशियार था आयूष की मौत को लेकर उसके भाइयों और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## 'औद्योगिक सेक्टरों में वसूला न जाए पार्किंग शुल्क'

**नोएडा ( चेतना मंच )।** शहर की सड़कों पर एक फरवरी से पार्किंग शुल्क वसूलने की शुरुआत नोएडा प्राधिकरण करने जा रहा है। एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने प्राधिकरण के इस फैसले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम को पत्र लिखा है। संस्था का कहना है कि औद्योगिक सेक्टरों में पार्किंग शुल्क वसूलना गलत है। पार्किंग शुल्क के नाम पर उद्यमियों और लाखों श्रमिकों की जेब पर बोझ नहीं डाला जाना चाहिए।

### एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने सीएम व सीईओ को लिखा पत्र



एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाहटा का कहना है कि पार्किंग के ठेके आवंटित करने के तहत क्लस्टर-1 में नोएडा के 1 से 11 सेक्टरों को लिया गया है। इनमें सेक्टर-1 संस्थागत श्रेणी में है जबकि 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10 व 11 औद्योगिक श्रेणी के सेक्टर हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## जेवर एयरपोर्ट के पास जमीन दिलाने वाला ठग गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जेवर एयरपोर्ट के पास जमीन दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में थाना सेक्टर-63 पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में नामजद 15 अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है। थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि बीते 6 दिसंबर को सेक्टर-63 निवासी गौरव शर्मा ने थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था। दर्ज मुकदमे में गौरव शर्मा ने बताया था कि उसे जेवर एयरपोर्ट के पास सस्ती दरों पर जमीन दिलाने के नाम पर जालसाजों ने अपने झांसे में फंसाया। जमीन के फर्जी दस्तावेज दिखाकर आरोपियों ने उससे कई करोड़ रुपए ले लिए। पैसे लेने के बाद आरोपियों ने जमीन का बैनामा नहीं किया। संदेह होने पर जब उसने जांच पड़ताल की तो पता चला कि आरोपियों ने उसे फर्जी दस्तावेज दिखाकर करोड़ों रुपए हड़प लिया है। इस संबंध में गौरव शर्मा ने 16 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल के बाद नामजद आरोपी आकिल पुत्र ताहिर खान निवासी ग्राम मेहंदीपुर जेवर को गिरफ्तार कर लिया है।

## कड़ी सुरक्षा में प्रोपर्टी डीलर सुखपाल का अंतिम संस्कार

### हत्यारोपी गिरफ्त से बाहर, परिजनों ने किया हंगामा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दादरी के घोड़ी बछेड़ा गांव के पास बदमाशों की गोलियों का शिकार बने सुखपाल का आज पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार से पूर्व परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही बरतने तथा अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा भी किया। हालांकि पुलिस ने उत्तेजित लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया।

बता दें कि कासना निवासी प्रॉपर्टी डीलर सुखपाल की गुरुवार को दिनदहाड़े बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। सुखपाल अपने परिचत से मिलने के लिए जा रहा था। इस दौरान बदमाशों ने उसे घोड़ी बछेड़ा गांव के पास गोलियां मारकर मौत के घाट उतार दिया। सुखपाल की मौत की जानकारी जब उसके परिजनों को हुई तो वह आक्रोशित हो उठे। इस मामले में विकल की शिकायत पर थाना दादरी में सरजीत, इंद्रजीत, उदयराम, महेंद्र, बाली, राजेंद्र, सोरन, बंटी सहित दो अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को हिरासत में ले लिया है।

पोस्टमार्टम के बाद आज सुबह सुखपाल का शव उसके पैतृक ग्राम कासना पहुंचा। शव को देखकर उसके परिजन व अन्य ग्रामीण आक्रोशित हो (शेष पृष्ठ-3 पर)

## घर में नहीं लगा मीटर भेज दिया बिल, मीटर रीडर सहित दो पर एफआईआर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** मीटर बिना लगे बिजली का बिल भेजने तथा गलत रीडिंग बनाने के आरोप में थाना बिसरख में मीटर रीडर सहित दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। विद्युत विभाग के अवर अभियंता ने यह मुकदमा दर्ज कराया है। सुदामा पुरी स्थित 33/11 केवीए उप केंद्र में तैनात अवर अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर बिलिंग एजेंसी के मीटर रीडर द्वारा बनाए जा रहे। आईडीएफ आरडीएफ बिलों की जांच के लिए गठित टीम सांई उपवन सोसायटी यूसुफपुर चक सबेरी पहुंची। यहां उपभोक्ता गुंजन कुमार ने बताया कि उसने 2 किलो वाट घरेलू विद्युत कनेक्शन के लिए अप्लाई किया था। उसके यहां अभी तक मीटर नहीं लगा है। इसके बावजूद भी उसके यहां लगातार (शेष पृष्ठ-3 पर)

## शराब के नशे में पीटता है पति

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना जेवर में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ गाली-गलौज व मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति शराब के नशे में आए दिन उसके साथ मारपीट करता है। ग्राम गोविंदगढ़ की मढैया निवासी प्रीति ने बताया कि बीती 10 जनवरी को उसके पति दीपक उर्फ भूरा ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। प्रीति का आरोप है कि उसका पति दीपक शराब पीता है और कोई कार्य नहीं करता है। शराब का (शेष पृष्ठ-3 पर)

## एसएमईएफआई में सदस्य बने आर.पी. सिंह चौहान



**नोएडा ( चेतना मंच )।** हिंद मजदूर सभा के प्रदेश सचिव आर.पी. सिंह चौहान को स्टील मेटल एंड इंजीनियरिंग वर्कर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया (एसएमईएफआई) का एग्जीक्यूटिव कमेटी मेंबर बनाया गया है। श्री सिंह को कमेटी में मेंबर बनाए जाने पर उनके सहयोगियों और समर्थकों में हर्ष व्याप्त है।

एसएमईएफआई के महासचिव संजय वाधवाकर ने जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि संगठन के प्रेसिडेंट राजेंद्र सिंह द्वारा आरपी सिंह चौहान को एग्जीक्यूटिव कमेटी मेंबर की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह संगठन की नीतियों पर चलते हुए श्रमिकों के हित में कार्य करेंगे।

जिम्मेदारी मिलने पर एग्जीक्यूटिव कमिटी मेंबर आर.पी. सिंह चौहान ने कमेटी के अध्यक्ष व महासचिव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह स्टील मेटल क्षेत्र के कामगारों को संगठित कर उनकी समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का कार्य करेंगे। मजदूरों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने तथा उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ने का कार्य किया जाएगा।

बता दें कि आर.पी. सिंह चौहान वर्तमान में हिंद मजदूर सभा के प्रदेश सचिव हैं और जनपद में करीब 12 अन्य यूनियन में अध्यक्ष और महासचिव के पद पर कार्य कर रहे हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सेक्टर-11 आरडब्ल्यूए उपाध्यक्ष को मातृ शोक



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-11 आरडब्ल्यूए के उपाध्यक्ष दिनेश कृष्णन की माताजी का निधन हो गया है। वे बीमार थीं तथा कैलाश अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था।

आज सेक्टर-94 स्थित अंतिम निवास में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर भाजपा के अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता, समाजसेवी, शुभचिंतक, परिजन तथ सेक्टर-11 आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी व सेक्टरवासी मौजूद थे। मालूम हो कि दिनेश कृष्णन भाजपा के दिवंगत नेता तथा फोनरवा के कोषाध्यक्ष सुरेश कृष्णन के छोटे भाई हैं।

## आईटी कंपनी के कर्मी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-142 स्थित एक आईटी कंपनी में बीते दिनों आत्महत्या करने वाली युवती के परिजनों ने उसके सहयोगी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मामला दर्ज कराया है। थाना सेक्टर-142 पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बाबा कॉलोनी दिल्ली निवासी अशोक कुमार ने पुलिस में दर्ज की शिकायत में बताया कि उनकी बेटी संजना (काल्पनिक नाम) सेक्टर-142 स्थित गोफर्स लैब टेक कंपनी में कार्य करती थी। बीते 24 दिसंबर को वह घर से अपने ऑफिस आई थी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## हिन्दुओं का गौरवदिवस है 22 को : नवाब सिंह नागर

### ग्रेटर नोएडा वेस्ट में राम अन्न कलश कार्यक्रम का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** तकरीबन 500 वर्षों के बाद देशवासियों को अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण को देखने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। यह देश व देशवासियों के लिए गौरव का दिन है। सभी इस पुण्य कार्य में अपना सहयोग प्रदान कर पुण्य लाभ कमाएं। यह आह्वान किया वरिष्ठ भाजपा नेता तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने। वे ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सर्वोदय हॉस्पीटल में आयोजित राम अन्न कलश (एक मुटठी अन्न राम के नाम) के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

श्री नागर ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरे भारतवर्ष में उत्सव का माहौल है हम सभी का परम सौभाग्य ( शेष पृष्ठ-3 पर )




## गैंगस्टर गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना जारचा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले काफी समय से वांछित चल रहा था। थाना प्रभारी ने बताया के मुखबिर की सूचना के आधार पर सैंथली गांव के पास से राहुल पुत्र जगदीश निवासी मोहल्ला माधव दास बाजार सिकंदराबाद को गिरफ्तार किया गया।


RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

# अदालत के फैसले

बिलकिस बानो केस में सर्वोच्च अदालत के फैसले ने साबित कर दिया कि इंसाफ और कानून अभी जिंदा हैं। अपराधियों को मुक्त नहीं किया जा सकता। अपराधी और उनके सत्ताई आका कानून के सामने बौने हैं। अंततः उन्हें कानून के सामने आत्म-समर्पण करना ही पड़ेगा। अपराधी और बलात्कारी लौटकर जेल में ही जाएंगे। बिलकिस का माद्दा है कि वह अदालती लड़ाई लड़ती रही। उसके पास संसाधन भी पर्याप्त नहीं थे। वह मानसिक और भावनात्मक तौर पर ढह चुकी थी। दुष्कर्म गोधरा दंगों के दौर में किया गया था। बिलकिस तब गर्भवती थी। उसके बावजूद 'मानवीय भेड़ियों' ने सामूहिक बलात्कार किया, उसकी तीन साल की बेटी और अन्य परिजनों की हत्या कर दी। वे इनसान थे अथवा जानवर से बढ़कर भी जानवर थे। कोई भी धर्म या संप्रदाय इतना जघन्य और बर्बर होने की सीख नहीं देता। बेशक बलात्कारी सजायाफ्ता तय किए गए और उन्हें 2008 में जेल में भी ठूंस दिया गया। बिलकिस और उसके परिवार का संघर्ष बेहद शोकाकुल और कठिन रहा। उनके लिए इंसाफ तब सिकुड़ता-सा लगा, जब 15 अगस्त, 2022 को सभी दरिंदों की रिहाई कर दी गई। वह गुजरात सरकार का निर्णय था। हालांकि इस संदर्भ में 1992 और 2014 के कानूनों के मद्देनजर वह रिहाई अवैध थी, क्योंकि वह गुजरात सरकार का अधिकार-क्षेत्र ही नहीं था। कानून की गलत व्याख्या ही नहीं की गई, बल्कि अदालत से भी तथ्य छिपाए गए और गलत जानकारी दी गई। यह गुजरात सरकार का न्यायिक अपराध था। क्या इनकी जवाबदेही तय नहीं की जानी चाहिए? 15 अगस्त देश का स्वतंत्रता दिवस होता है, लेकिन उसी दिन दरिंदगी वाले अपराधियों की न केवल सजा माफ की गई, बल्कि उन्हें सम्मानित रिहाई भी दी गई, मिष्ठान्न खिलाए गए और फूलों की माला पहनाई गई। यह सम्मान किसलिए दिया गया? क्या गोधरा के सांप्रदायिक दंगों के संदर्भ में एक धर्म-विशेष के लोगों द्वारा एक धर्म-विशेष की औरत की इज्जत तार-तार करने के लिए सम्मानित किया गया? न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां का कथन सटीक और मानवाधिकार के पक्ष में है कि कानून के राज को बचाना जरूरी है। संविधान में दिए गए समता के मौलिक अधिकार का संरक्षण भी जरूरी है। यह न्यायिक निर्णय इन्हीं संदर्भों और संकल्पों में याद किया जाना चाहिए। बेशक गोधरा के दंगे गुजरात में भड़के थे, लेकिन सजा महाराष्ट्र सरकार के अधिकार-क्षेत्र में दी गई थी, लिहाजा उसे ही 'अभयदान' की संवैधानिकता प्राप्त है। संयोग है कि अब गुजरात और महाराष्ट्र में भाजपा की ही सरकारें हैं। बेशक सर्वोच्च अदालत ने दो हफ्ते में जेल में आत्म-समर्पण का आदेश दिया है। अपराधियों की रिहाई को 'अवैध' करार देते हुए खारिज कर दिया है, लेकिन दुष्कर्मी अब भी पुनर्विचार याचिका 30 दिनों में दाखिल कर सकते हैं और महाराष्ट्र सरकार से 'माफी' की गुहार लगा सकते हैं। गुजरात से ट्रायल महाराष्ट्र को स्थानांतरित किया गया था, लिहाजा महाराष्ट्र की भूमिका महत्वपूर्ण है। तब गुजरात में माहौल भी माकूल नहीं था। सवाल है कि सर्वोच्च अदालत की अन्य पीठ ने मई, 2022 में जो फैसला सुनाया था, उस पर गुजरात सरकार ने पुनर्विचार याचिका क्यों दाखिल नहीं की? उसी की गलत व्याख्या कर गुजरात सरकार ने दुष्कर्मी चेहरों को 'मुक्ति' दी थी। इस पूरे परिप्रेक्ष्य में सर्वोच्च अदालत की भी कुछ गलती है। उसे जो जांचनुमा सवाल पूछने चाहिए थे, वे नहीं पूछे गए। एक सजायाफ्ता ने ही 2022 में याचिका लगाई थी। यदि तब कुछ सवाल किए होते, तो सुप्रीम अदालत को अपना ही एक अन्य फैसला बदलना नहीं पड़ता। सर्वोच्च अदालत के ही फैसले के बाद गुजरात सरकार ने दुष्कर्मियों की रिहाई का फैसला किया। बिलकिस की तरह हरेक नागरिक के मानवाधिकारों का सम्मान जरूर किया जाना चाहिए।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे गरुड़! तुम शंकरजी के पास जाओ। हे तात! और कहीं किसी से न पूछना। तुम्हारे संदेह का नाश वहीं होगा। ब्रह्माजी का वचन सुनते ही गरुड़ चल दिए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-परमातुर बिहंगपति आयउ तब मो पास।**
**जात रहेउँ कुबेर गृह रहिहु उमा कैलास॥**

तब बड़ी आतुरता (उतावली) से पक्षीराज गरुड़ मेरे पास आए। हे उमा! उस समय मैं कुबेर के घर जा रहा था और तुम कैलास पर थीं॥

**तेहिं मम पद सादर सिरु नावा। पुनि आपन संदेह सुनावा॥**
**सुनि ता करि बिनती मृदु बानी। प्रेम सहित मैं कहेउँ भवानी॥**

गरुड़ ने आदरपूर्वक मेरे चरणों में सिर नवाया और फिर मुझको अपना संदेह सुनाया। हे भवानी! उनकी विनती और कोमल वाणी सुनकर मैंने प्रेमसहित उनसे कहा-॥

**मिलेहु गरुड़ मारग महँ मोही। कवन भाँति समुझावौं तोही॥**
**तबहिं होइ सब संसय भंगा। जब बहु काल करिअ सतसंगा॥**

हे गरुड़! तुम मुझे रास्ते में मिले हो। राह चलते मैं तुम्हे किस प्रकार समझाऊँ? सब संदेहों का तो तभी नाश हो जब दीर्घ काल तक सत्संग किया जाए॥

**सुनिअ तहाँ हरिकथा सुहाई। नाना भाँति मुनिन्ह जो गाई॥**
**जेहि महुँ आदि मध्य अवसाना। प्रभु प्रतिपाद्य राम भगवाना॥**

और वहाँ (सत्संग में) सुंदर हरिकथा सुनी जाए जिसे मुनियों ने अनेकों प्रकार से गाया है और जिसके आदि, मध्य और अंत में भगवान श्री रामचंद्रजी ही प्रतिपाद्य प्रभु हैं॥

**नित हरि कथा होत जहँ भाई। पठवउँ तहाँ सुनहु तुम्ह जाई॥**
**जाइहि सुनत सकल संदेहा। राम चरन होइहि अति नेहा॥**


हे भाई! जहाँ प्रतिदिन हरिकथा होती है, तुमको मैं वहीं भेजता हूँ, तुम जाकर उसे सुनो। उसे सुनते ही तुम्हारा सब संदेह दूर हो जाएगा और तुम्हें श्री रामजी के चरणों में अत्यंत प्रेम होगा॥

क्रमशः

# राष्ट्रीय युवा दिवस विशेष : राष्ट्र के विकास की नींव है युवा

भारत के महान दार्शनिक, विचारक, युवाओं के आदर्श एवं कर्मयोगी राष्ट्र संत स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन प्रतिवर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को हुआ था और इनका जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने के पीछे मुख्य कारण उनका दर्शन, सिद्धांत, अलौकिक विचार और उनके आदर्श हैं, जिनका उन्होंने स्वयं पालन किया और भारत के साथ-साथ अन्य देशों में भी उन्हें स्थापित किया। महोत्सव का उद्देश्य, युवाओं के बीच राष्ट्रीय एकता के विचार, सामान्य एकता, भाईचारे, बहादुरी और साहस की भावना को बढ़ावा देना है। नेल्सन मंडेला की एक खूबसूरत कहावत है कि, 'आज के युवा कल के नेता हैं', और युवावस्था एक व्यक्ति के जीवन में वह मंच है जो सीखने की कई क्षमताओं और प्रदर्शन के साथ भरा हुआ है। भारत सरकार ने 1984 में उनके जन्मदिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी। कल भारत सहित संपूर्ण विश्व में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर कई कार्यक्रमों का आयोजन कर उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की जाएगी। उन्होंने 1893 में शिकागो धर्म संसद में भी भाग लिया था।

स्वामी जी प्रबल देशभक्त, महान द्रष्टा, सच्चे राष्ट्र संत और कई धर्मग्रंथों, दर्शन, साहित्य, वेद व पुराणों के ज्ञाता थे। स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने का उद्देश्य भारतवर्ष की भावी पीढ़ियों का चरित्र निर्माण करते हुए उनमें उच्च आदर्शों पर चलने की भावना का संचार करना रहा है। स्वामी विवेकानंद जी की भी उत्कट अभिलाषा थी कि युवाओं को अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए उनमें निहित अनंत ऊर्जा का उपयोग देशहित में होना चाहिए। इस वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस की थीम 'वैश्विक सद्भाव के लिए युवा' (यूथ फॉर ग्लोबल हारमॉनी) रखी गई है। आशानुरूप विवेकानंद के सार्वभौमिक भाईचारे के दृष्टिकोण पर आधारित, यह विषय संस्कृतियों और सीमाओं के पार शांति, सहिष्णुता और समझ को बढ़ावा देने और एक अधिक सामंजस्यपूर्ण वैश्विक समाज को बढ़ावा देने में युवाओं की भूमिका को उजागर कर सकता है। विश्व का वर्तमान परिदृश्य बीते 100 वर्षों में अभूतपूर्व रूप से परिवर्तित हो चुका है। हमारी आज की युवा पीढ़ी शिक्षा से प्राप्त ताकत के चलते




*आवश्यकता है कि दूरगामी सोच वाले युवाओं को राजनीति में लाकर उन्हें संसद एवं विधानसभाओं में प्रतिनिधित्व दिया जाए, ताकि नवीन एवं समृद्ध भारत के निर्माण में उनकी प्रतिभा एवं सामर्थ्य का समुचित उपयोग हो सके। एक समर्थ, सबल, सक्षम, सशक्त, स्वाभिमानी और शक्तिशाली भारत के निर्माण के लिए हमें अपनी स्वार्थी प्रवृत्ति से ऊपर उठकर युवाओं को उचित मंच प्रदान करने की जरूरत है, तभी राष्ट्र निर्माण में युवा भागीदारी का मंत्र सार्थक सिद्ध होगा।*

सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंच चुकी है। पिछले 2-3 दशकों में इस देश में बहुत कुछ बदला है। आर्थिक मोर्चे पर बदलाव एवं पाश्चात्य देशों की तर्ज पर ब्रांड संस्कृति तथा विकास की बयार भारत में भी द्रुत गति से बह रही है। इस नए चलन और परिपाटी से हमारा मध्यमवर्गीय युवा मन भी प्रभावित हुआ है।

उसकी इच्छाओं, अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को भी पंख लगे हैं। आज बड़ी संख्या में हमारी युवा पीढ़ी दूसरे राज्यों और विदेशों में पढ़ने और रोजगार के लिए जा रही है। बड़े शहरों की चकाचौंध वाली जीवनशैली और 'मॉल कल्चर' उसे लुभाती है। वहीं दूसरी तरफ मध्यमवर्गीय परिवारों के अभिभावकों के समक्ष अपनी संतानों को पढ़ा-लिखाकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करने की चुनौती है, तो युवा भी उच्च शिक्षा ग्रहण कर लुभावने पैकेज के लिए जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं। हमारा युवा आज की शिक्षा व्यवस्था की दशा और दुर्दशा को लेकर भी चिंतित और परेशान है क्योंकि एक राष्ट्र के भीतर अनेक प्रकार की शिक्षा प्रणालियां प्रचलन में हैं। एक तरफ स्कूलों तथा कॉलेजों में अध्यापकों की कमी है तो वहीं युवा डिग्री हाथ में होने के बावजूद बेरोजगार घूम रहा है। हमारा निजी और सरकारी तंत्र युवाओं को उनकी योग्यता के विपरीत बेहद कम वेतन देकर उनकी योग्यता का शोषण कर रहा है। भारत में युवाओं की संख्या विश्व के अन्य देशों के मुकाबले में ज्यादा है। यहां की 65 फीसदी आबादी 35 वर्ष से कम है, अर्थात युवा है। वर्तमान में भारत में 12 करोड़ से ज्यादा युवा बेरोजगार हैं। बेरोजगारों में 25 प्रतिशत 20 से 24 साल के आयु वर्ग के हैं, तो वहीं 25 से 29 वर्ष की उम्र वाले युवाओं की तादाद 17 फीसदी है। आज जिस बड़े अनुपात में युवा शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, उस अनुपात में निजी एवं सरकारी क्षेत्रों में नौकरियां नहीं बढ़ रही हैं। इन हालात में हताश बेरोजगार युवाओं के अपराध एवं नशाखोरी के मार्ग पर चल पड़ने की आशंका भी रहती है, इस पर भी विचार करने की जरूरत है। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं का आह्वान करते हुए कठोपनिषद् के एक मंत्र का उल्लेख किया था, 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत', अर्थात उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक कि अपने लक्ष्य पर न पहुंच जाओ। यह वक्त का तकाजा है कि हमारे नीति नियंता और सरकारें युवा मनों को टटोलें, उनके विचारों को सुनें और राष्ट्र निर्माण में उनकी सशक्त भागीदारी की व्यवस्था को सुनिश्चित बनाएं।

आज की युवा पीढ़ी जाति, धर्म, आरक्षण और क्षेत्रवाद एवं वंशवाद की राजनीति से ऊपर उठकर बेरोजगारी, भ्रष्टाचार विरोधी पारदर्शी न्याय व्यवस्था और विकासात्मक मुद्दों पर विश्वास करती है। हमारा युवा वर्तमान सिस्टम में बदलाव का इच्छुक है। कमजोर को सामर्थ्यशाली बनाकर ही हम समाज में समरसता, समानता एवं बंधुत्व की भावना पैदा कर सकते हैं। आवश्यकता है कि दूरगामी सोच वाले युवाओं को राजनीति में लाकर उन्हें संसद एवं विधानसभाओं में प्रतिनिधित्व दिया जाए, ताकि नवीन एवं समृद्ध भारत के निर्माण में उनकी प्रतिभा एवं सामर्थ्य का समुचित उपयोग हो सके। एक समर्थ, सबल, सक्षम, सशक्त, स्वाभिमानी और शक्तिशाली भारत के निर्माण के लिए हमें अपनी स्वार्थी प्रवृत्ति से ऊपर उठकर युवाओं को उचित मंच प्रदान करने की जरूरत है, तभी राष्ट्र निर्माण में युवा भागीदारी का मंत्र सार्थक सिद्ध हो सकेगा।

**-अनुज आचार्य**
**स्वतंत्र लेखक**

# बाजार को संचालित करने वाली ताकतों की नहीं है हिंदी भाषा

आर्थिक व्यवस्था और संस्कृति के संदर्भ में भी हमें यह मानने से गुरेज नहीं होना चाहिए कि अपना देश विरोधाभासों का देश है। राष्ट्र के भाषायी सोच के संदर्भ में भी हमें रोजाना इस विरोधाभासी अंदाज से दो-चार होना पड़ता है। एक तरफ देश का एक बड़ा तबका अपनी हिंदी को लेकर स्वाभिमानी अंदाज में आगे बढ़ रहा है तो दूसरी तरफ एक बड़ा तबका इस सोच को ही नकार रहा है। विविधताओं में एकता का संदेश हमें बचपन से ही घुट्टी में मिला है। सरकारें चाहे जिस भी विचारधारा की हों, लेकिन उन्होंने पाठ्यक्रमों में स्थित इस सोच को कभी हटाया नहीं। इसके बावजूद आखिर क्या वजह है कि कम से कम भाषा के स्तर पर इस एकता राग को राष्ट्र स्वीकार नहीं कर पाया है? विश्व हिंदी दिवस, इस मुद्दे पर गहन सोच-विचार का अच्छा मौका हो सकता है।

राष्ट्रभाषा और राजभाषा के बहाने चाहे जितने भी सरकारी प्रयास हुए हों, लेकिन भारत का हर हिस्सा हिंदी को लेकर कम से कम उस तरह नहीं सोच पाया है, जैसा उन्नीसवीं सदी के आखिर में बंगला और गुजराती मूल की हस्तियों ने सोचा था। 1857 की नाकामी के बावजूद तब देश में यह सोच बलवती हो चुकी थी कि अंग्रेजी दासतां से उसे मुक्ति मिलनी ही है। तत्कालीन मानस यह भी मान चुका था कि अंग्रेजी शासन से मुक्ति के बाद जो राष्ट्र होगा, वह कम से कम तब तक के मौजूद राजनीतिक ढांचे से अलग हो। तब समाज के प्रबुद्ध लोग मान चुके थे कि आजाद भारत सिर्फ सांस्कृतिक रूप से ही नहीं, बल्कि राजनीतिक रूप से भी एक होगा।

इसी संदर्भ में विविधरंगी और बहुभाषी भारत की एक ऐसी भाषा की कल्पना भी जन्म लेने लगी, जो समूचे राष्ट्र की संपर्क भाषा बन सके। समूचे राष्ट्र की हिंदी ही संपर्क भाषा हो सकती है, पहली बार यह विचार 1875 में केशवचंद्र सेन ने दिया। यह कम आश्चर्य की बात नहीं है कि ठीक उन्हीं दिनों देश के पश्चिमी सिरे यानी गुजरात में भी ऐसी ही सोच पल्लवित हो रही थी। गुजराती के कवि नर्मदाशंकर ने 1882 में हिंदी को लेकर कुछ वैसा ही विचार दिया, जैसा केशवचंद्र सेन का था। गुजराती समाज उन्हें नर्मद कवि के रूप में जानता है। भावी भारत की भाषा को लेकर देश के सुदूर पूर्वी इलाके से लेकर सुदूर पश्चिमी इलाके तक में एक जैसी सोच चकित करती है। क्योंकि तब आज की तरह संचार के साधन नहीं थे। मीडिया भी नहीं था। ऐसे में पूरब और पश्चिम की सोच में एक-दूसरे पर संपर्क के जरिए असर पड़ने का सवाल भी नहीं उठता। बाद के दिनों में चाहे तिलक महाराज हों या फिर गांधी, काका कालेलकर हों या विनोबा, उन्होंने राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने के लिए हिंदी को जो चुना, उसकी बुनियाद उन्नीसवीं सदी के आखिर में उभरा विचार ही रहा।

आजादी के आंदोलन में गांधी ने हिंदी के प्रसार को जोड़कर जो उंचाई दी, उससे उम्मीद थी कि स्वाधीनता के बाद केशवचंद्र सेन और नर्मदकवि की सोच साकार हो उठेगी। ऐसा हुआ भी, लेकिन विरोधाभासों के साथ। दक्षिणी राज्यों मसलन कर्नाटक और तमिलनाडु में हिंदी को वैसी सहजता से स्वीकार नहीं किया जा सका, जैसा दूसरे राज्यों ने स्वीकार कर लिया है। वैसे यह बात और है कि जब कर्नाटक या तमिलनाडु का व्यक्ति विंध्य के उत्तर में आता है तो यह मानकर आता है कि सहज कार्यव्यवहार के लिए उसे हिंदी जानना ही होगा। दक्षिण लौटते ही अगर वह अपनी भाषा में फिर लौट जाता है तो यह उसका अधिकार है। ऐसा होना सहज भी है। लेकिन वह इससे आगे बढ़ जाता है। हिंदी को लेकर उसका रवैया बदल जाता है। स्थानीय राजनीति इसे बढ़ावा भी देती है। स्थानीय राजनीति के लिए उनकी अपनी स्थानीय भाषाएं राजनीतिक औजार बन गई हैं। इस औजार के जरिए वे अपना लक्ष्य यानी वोटर का समर्थन चाहती हैं और उन्हें मिलता भी है।




*कह सकते हैं कि बाजार ने हिंदी को विस्तार दिया है। बिल्कुल ऐसा हुआ है। लेकिन बाजार में वह विनिमय की भाषा के रूप में स्थापित हुई है। लेकिन बाजार को संचालित करने वाली ताकतों की भाषा अब भी हिंदी नहीं है। यह कुछ बालीवुड जैसा ही है।*

वर्धा में 10 जनवरी 1974 को हुए पहले विश्व हिंदी सम्मेलन का घोषित लक्ष्य हिंदी को संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनाना रहा। लेकिन अघोषित लक्ष्य हिंदी को भारत की जनगण की भाषा भी बनाना था। भले ही वह द्वितीयक भाषा बने। हमारा केंद्रीय राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र भले ही दस जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाने की ओर आगे बढ़ चुका हो, लेकिन उसका मानस अभी हिंदी को लेकर सहज नहीं हो पाया है। मौजूदा राजनीतिक नेतृत्व के दौर में हिंदी को लेकर देश के स्टील फ्रेम यानी नौकरशाही का रवैया बदला तो है, लेकिन वह बेहद अत्यल्प है। अब भी वह विदेशी भाषा में सोचता है, नीतियों का निर्माण भी करता है। हिंदी बेचारी अब भी उनकी नजर में अनुवाद की भाषा है।

कह सकते हैं कि बाजार ने हिंदी को विस्तार दिया है। बिल्कुल ऐसा हुआ है। लेकिन बाजार में वह विनिमय की भाषा के रूप में स्थापित हुई है। लेकिन बाजार को संचालित करने वाली ताकतों की भाषा अब भी हिंदी नहीं है। यह कुछ बालीवुड जैसा ही है। संचार क्रांति के पहले हिंदी के प्रसार के लिए सिनेमा की खूब बलैया ली जाती थीं। लेकिन यह भी कटु सत्य रहा कि बॉलीवुड को संचालित करने वाले तंत्र की भाषा हिंदी नहीं रही। इसलिए बाजार के जरिए हिंदी के विकास की सोच को लेकर ज्यादा इठलाने की जरूरत नहीं है। बाजार या सिनेमा के जरिए भाषा का प्रसार तो हो सकता है, लेकिन उसे ताकत नहीं मिल सकती। उसे ताकतवर तो क्षमतावान लोगों द्वारा संचालन और नियंत्रण की भाषा के रूप में उसका व्यवहार बनाता है।


इसे हमें स्वीकार करने में हिचक नहीं होनी चाहिए कि हिंदी अब भी वह सम्मान नहीं हासिल कर पाई है। वह संचालकों, नियंत्रित करने वाले कारकों, नीति नियंताओं, विमर्शकारों की भाषा नहीं बन पाई है। विश्व हिंदी दिवस के मौके पर अगर जिम्मेदार लोग ऐसे संकल्प लें कि वे इसे विमर्श का माध्यम बनाएंगे, नीति निर्माण में देसज सोच को महत्ता मिलेगी, संचालन प्रक्रिया में हिंदी का प्रयोग होगा, तभी हिंदी के लिए ऐसे दिवस मनाना सार्थक हो सकेगा। सवाल यह है कि क्या इस तरीके से हम हिंदी वाले, हमारे नियंता और हमारे विमर्शकार सोचने को तैयार हैं।

**-उमेश चतुर्वेदी**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

# राशिफल

पौष कृष्ण-प्रतिपदा (विक्रम संवत् 2080)


**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** व्यावसायिक लाभ, पिता का साथ, स्वास्थ्य में सुधार, प्रेम और संतान की स्थिति अच्छी।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)** भाग्य साथ देगा, रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा, स्वास्थ्य में सुधार होगा, प्रेम-संतान थोड़ा मध्यम है।



**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)** परिस्थितियां प्रतिकूल हैं, चोट-चपेट लग सकती है, किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।


**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)** आनंदित रहेगा। जीवन, स्वास्थ्य अच्छा है, प्रेम-संतान की स्थिति लगभग ठीक है।



**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)** शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे, रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा, प्रेम-संतान अच्छा है।


**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** भावुक होकर मत निर्णय लीजियेगा, महत्त्वपूर्ण निर्णय अभी रोक कर रखें।


**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)** भूमि,भवन,वाहन की खरीदारी संभव है, लेकिन गृह कलह भी संभव है। स्वास्थ्य ठीक है।


**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)** व्यापारिक स्थिति सुदृण होगी। जो भी आपने सोच समझ कर के डिजाईन कर रखा है उसको लागू करें।


**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)** भाग्या साथ दे रहा है, स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है, प्रेम-संतान अच्छा, व्यापार अच्छा पर धन हानि के संकेत हैं।


**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)** आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे, स्वास्थ्य में सुधार होगा, प्रेम-संतान बहुत बढ़िया, व्यापार भी बहुत अच्छा।


**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)** मन चिंतित रहेगा, खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी, स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम-संतान अच्छा, व्यापार भी अच्छा।


**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)** आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। यात्रा में लाभ होगा। रुका हुआ धन वापिस मिलेगा। कुछ नए स्त्रोत से भी रुपये-पैसेआयेंगे।

# मेंहदीपुर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कल जेवर विधानसभा के मेंहदीपुर गाँव में पहुँची जहां यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। भारत को विकसित बनाने के लिये लोगो को शपथ दिलायी गयी। इस मौके पर रवि जिन्दल ने योजनाओं के कार्ड एवं पत्र लोगों को वितरित किये।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल रहे। प्रेमवीर, कपिल गुर्जर, मनोज प्रधान, संजय रावत, अशोक शर्मा, प्रधान मोहम्मद, अनवर ख़ान, फारूख, गुलफाम राहिफ़ुद्दीन, अशोक पाल, यशपाल सिंह, आलोक, रंजन रवि, चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

# किसान सभा ने मजदूरों के समर्थन में किया प्रदर्शन



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** मजदूर नेता गंगेश्वर शर्मा के ऊपर किए गए जानलेवा हमले के दोषी मैसर्स मानिताऊ कंपनी पर कल सीटू से जुड़े कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से सुनील पंडित, राम सागर, राम स्वारथ शामिल रहे।

# पुण्यकार्यों में खलल डालना कांग्रेस की आदत : प्रणीत भाटी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)** अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को लेकर आज पूरा देश उत्साहित है। इसके बावजूद कुछ दल और उनके नेताओं का श्री राम मंदिर का विरोध करना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रथम जिला अध्यक्ष रहे प्रणीत भाटी ने एक बातचीत के दौरान कही।



उन्होंने कहा कि श्री राम पर राजनीति करने वाले दुर्भाग्यशाली हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को तो हर अच्छे कार्यों का बहिष्कार करने की आदत पड़ गई है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर को लेकर पूरे देश में उत्साह और उमंग लोगों में है। लेकिन कुछ नेता कई तरह के विरोध कर देश के इस हर्ष में खलल डालने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं के मंदिर के अधूरे निर्माण को लेकर उठाए जा रहे सवाल पूरी तरह तथ्यहीन है।

प्रणीत भाटी ने कहा कि श्री राम भगवान हमारे आराध्य हैं और इस कार्यक्रम में सभी को आना चाहिए लेकिन कांग्रेस एवं कुछ अन्य दल के नेता प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जो सवाल उठा रहे हैं वह पूरे देश के लिए अहितकारी है।



भाकियू (पथिक) के नेताओं का कल दादरी में भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर अजय पहलवान सहित कई नेता मौजूद रहे।

# कुलेसरा में शोभा यात्रा 22 को : दीपक कुशवाहा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** अयोध्या में श्री राम लाल के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन कुलेसरा में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन प्राचीन शिव मंदिर पर किया गया है। सर्वविदित हो कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें लाखों की संख्या में लोग अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉक्टर दीपक कुशवाहा ने दी है। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को कुलेसरा के प्राचीन शिव मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा पूरे गांव में भ्रमण कर फिर शिव मंदिर पर पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि इस भव्य शोभा यात्रा में सैकड़ो की संख्या में राम भक्त शामिल होंगे।



# भारत विकसित संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन



**भदोही (चेतना मंच)।** भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में कल कई मंडलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम संपन्न हुआ। इससे पहले जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा रहे। विधानसभा औराई तथा विधानसभा ज्ञानपुर के ग्राम सभा चक टोडर ग्राम सभा भिदुरा में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद डॉ रमेश बिन्द चक टोडर भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी यशवंत सिंह, ब्लॉक प्रमुख पति प्रशान्त सिंह, (चिटू) राकेश दुबे, प्रदीप सिंह, सुनील मिश्रा, मनीष पांडेय, राजेश सिंह, राजेंद्र पाल बघेल, सिल्वन्ता मौर्य, नंदलाल मौर्य, टीएन शुक्ला, संजय पाठक, जिला मीडिया प्रभारी गोवर्धन राय आदि मौजूद रहे।

# कृष्ण नागर बने राष्ट्रीय महासचिव



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जगनपुर गांव निवासी कृष्ण नागर को किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विकास प्रधान ने किसान मज़दूर संघर्ष मोर्चा का राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया है।

# किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने आलोक नागर

**नोएडा (चेतना मंच)।** क्षेत्रीय किसानों की बैठक ग्रेटर नोएडा के सेक्टर डेल्टा-2 में हुई जिसकी अध्यक्षता भीम सिंह सिसोदिया एवं संचालन कृष्ण नागर ने किया।

इस मौके पर किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विकास प्रधान के द्वारा आलोक नागर बादलपुर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई उपाध्यक्ष बनाए जाने पर आलोक नागर का पगड़ी पहनकर माला पहनकर स्वागत व सम्मान किया गया।

इस मौके पर नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आलोक नागर ने कहा कि जो जिम्मेदारी संगठन के लोगों ने सौंपी है उसको ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा से निभाऊंगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विकास प्रधान व बृजेश भाटी ने कहा कि आगामी 7 फरवरी को किसानों की मूलभूत समस्या जिसमें शिक्षा स्वास्थ्य एवं रोजगार और बिजली कंपनी एनपीसीएल यूपीसीएल की तानाशाही को लेकर क्षेत्र के हजारों किसान जिला मुख्यालय पर महापंचायत करेंगे। संगठन के वरिष्ठ नेता लोकेश भाटी ने कहा कि संगठन किसान मजदूर की आवाज को क्षेत्र में मजबूती के साथ उठायेगा एवं क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार दिलाना संगठन की प्राथमिकता होगी। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण नागर ने कहा संगठन गांव गांव जाकर लोगों को जागरुक करेगा।



इस मौके पर सतीश नंबरदार, एडवोकेट अनिल भाटी, प्रताप नागर,गजराज भाटी, रिंकु भाटी,वेदपाल चौधरी,दयाराम शर्मा, ठाकुर साहब, मनोज भाटी,जयवीर भाटी ,योगेश चंदीला, योगेंद्र मावी ,लोकेश भाटी ,कृष्ण नागर, संजय कसाना नरेंद्र भाटी भारत नागर, मनीष नागर, मोहित भाटी, शुभम चेची, निशांत तिवारी ,हनी डांडा उमेश राणा, ठाकुर सीपी सोलंकी, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# खुद को गोली मारने वाले युवक पर एफआईआर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।**
दोस्त द्वारा उधार के पैसे न लौटाए जाने पर खुद को गोली मारकर घायल करने वाले युवक के खिलाफ थाना दादरी में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

अयोध्या गंज निवासी राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि उसका दादरी में कपड़े का व्यापार है। उसने अच्छेजा गांव निवासी तनुज नागर से पैसे उधार लिए थे। इन पैसों को वह प्रतिदिन किस्तों के रूप में दे रहा था। कुछ परेशानी के चलते वह बीच में तनुज नागर को पैसों का भुगतान नहीं कर पाया। बीते 10 जनवरी को तनुज नागर अपने एक साथी के साथ उसके घर आ धमका और अपने पैसों को वापस दिए जाने की मांग की। पैसे ना देने की एवज में उसने दुकान का बैनामा अपने नाम करने के लिए कहा। राजेश कुमार गुप्ता के मुताबिक उन्होंने जब दुकान का बैनामा करने से इनकार किया तो तनुज नागर ने अपनी जेब से पिस्तौल निकाल कर हवाई फायर किया और इसके बाद अपने हाथ में गोली मार ली। गोली चलाने के बाद तनुज नागर ने उन पर गोली चलाने का आरोप लगाते हुए शोर शराबा करना शुरू कर दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर तनुज नागर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने वारदात वाले दिन ही मौके से अवैध पिस्तौल व कारतूस को बरामद कर लिया था। शुरुआत में ही यह पूरी घटना संदिग्ध नजर आ रही थी।

# एंब्रॉयडरी की दुकान में लगी आग

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के कुलेसरा गांव मैं एक एंब्रॉयडरी की दुकान में बीती रात आग लग गई आग लगने से दुकान में रखा सामान व एक बाइक जल गई।

थाना प्रभारी ने बताया कि बीती रात्रि पुलिस को सूचना मिली कि कुलेसरा पुलिस चौकी के सामने एंब्रॉयडरी की दुकान में आग लग गई है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस व दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया आग की वजह से दुकान में रखा सामान तथा एक बाइक जल गई इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।

# कंपनी के गोदाम में चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा सेक्टर-144 स्थित एक कंपनी के गोदाम में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर गोदाम से एक स्प्लिट एसी, बेडशीट, पैंट्री मैटेरियल, चार चेयर, केमिकल बॉक्स तथा धागे के डब्बों को चोरी कर ले गए। इस मामले में थाना सेक्टर 142 पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

सेक्टर-45 सदरपुर निवासी सत्येंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि वह रेसपा केमिकल कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। उनके कंपनी ने सामान रखने के लिए सेक्टर-144 में एक मकान में गोदाम बनाया हुआ है। बीते 24 दिसंबर की शाम को वह गोदाम को बंदकर कर चले गए थे। 26 दिसंबर को जब वह गोदाम पर पहुंचे तो वहां ताला टूटा हुआ था। चोर गोदाम से एक स्प्लिट एसी, बेडशीट, पैंट्री मैटेरियल, चार चेयर, केमिकल बॉक्स तथा धागे के डब्बों को चोरी कर ले गए थे।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेंडरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/वाराणसी निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन "खुली" निविदाएँ (ई-टेंडरिंग) आमंत्रित करते हैं :-
क्र.सं. : 1, निविदा सूचना संख्या : ई-निविदा-एल-22-23-24, कार्य का नाम : वाराणसी मंडल - आवासीय क्वार्टरों की पुरानी/खराब अर्थिंग को नई अर्थिंग से बदलना, अनुमानित लागत : रु. 19,51,075.76, अमानत राशि : रु. 39,000.00, कार्य समापन अवधि : 120 दिन, निविदा समापन की तिथि एवं समय : 02.02.2024 14:30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 02.02.2024 14:30 बजे।
क्र.सं. : 2, निविदा सूचना संख्या : ई-निविदा-एल-23-23-24, कार्य का नाम : मऊ - 140 टन ब्रेक डाउन क्रेन के सम्बन्ध में डीजल क्रेन अनुरक्षण शेड से सम्बंधित विद्युतीय कार्य, अनुमानित लागत : रु. 20,46,349.34, अमानत राशि : रु. 40,900.00, कार्य समापन अवधि : 120 दिन, निविदा समापन की तिथि एवं समय : 02.02.2024 14:30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 02.02.2024 14:30 बजे।
क्र.सं. : 3, निविदा सूचना संख्या : ई-निविदा-एल-24-23-24, कार्य का नाम : (1) प्रयागराज रामबाग रेलवे स्टेशन पर 50000 गैलन क्षमता के आरसीसी ओवर हेड टैंक का प्रावधान, (2) मशरख रेलवे स्टेशन पर पंप हाउस और जनरेटर रूम के साथ 25000 गैलन क्षमता के आरसीसी ओवर हेड टैंक का प्रावधान, (3) मऊ रेलवे स्टेशन पर पंप हाउस और जनरेटर रूम के साथ 200/350 मिमी व्यास वाले ट्यूबवेल की सिंकिंग कार्य से सम्बंधित विद्युतीय कार्य, अनुमानित लागत : रु. 12,90,179.75, अमानत राशि : रु. 25,800.00, कार्य समापन अवधि : 120 दिन, निविदा समापन की तिथि एवं समय : 02.02.2024 14:30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 02.02.2024 14:30 बजे।
क्र.सं. : 4, निविदा सूचना संख्या : ई-निविदा-एल-25-23-24, कार्य का नाम : (1) एलसी की इंटरलॉकिंग तथा स्थिति की निगरानी के लिए आरटीयू, ईएलडी, एफएसीएस के साथ बिजली आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आईपीएस उपलब्ध कराकर मिड सेक्शन एलसी गेट की विश्वसनीयता में सुधार (11 नंबर एलसी) (2) वाराणसी-प्रयागराज रामबाग सेक्शन में एचडीटी यार्ड में केएम 215/5-6 पर लेवल क्रॉसिंग नंबर 8 और केएम 216/7-8 पर क्रॉसिंग नंबर 9 पर सीमित ऊँचाई वाले सबवे का प्रावधान के कार्य से सम्बंधित विद्युतीय कार्य, अनुमानित लागत : रु. 21,86,171.22, अमानत राशि : रु. 43,700.00, कार्य समापन अवधि : 120 दिन, निविदा समापन की तिथि एवं समय : 02.02.2024 14:30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 02.02.2024 14:30 बजे।
उपरोक्त ई-निविदाओं के पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जायें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य
मुजाधि/विद्युत-249 पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

उत्तर मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल विद्युत अभियंता (क0वि0.), उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र सं. | निविदा संख्या | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | AGCTRDT202313 | ₹ 34880969.15 | ₹ 324400/- | 12 माह |

कार्य का नामः आगरा मंडल में ट्रामवे टाइप ओ0 एच0 ई को कंवेशनल ओ0 एच0 ई0 में बदलने की वजह से ओ0 एच0 ई0 में मोडिफिकेशन का कार्य।
1. निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर देखा व भरा जा सकते हैं।
2. निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर दिनांक 31.01.2024 को 16.00 Hrs. तक भरा जा सकता है। 77/24(K)
@northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना सं0 JHS-N-W-02-24 दिनांकः 09.01.2024
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना
वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झाँसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।
ई-निविदा सूचना संख्याः JHS-N-W-02-24 | कार्य लागत लगभगः Rs. 16705653.47
धरोहर राशिः Rs. 233500.00 | निविदा खुलने की तिथिः 02.02.2024 Time 15.00
कार्य का नामः प्रोविजन ऑफ़ दा वीडियो वाल इन न्यू कण्ट्रोल रूम झाँसी फॉर VGLJ-DHO सेक्शन ऑफ़ झाँसी डिवीज़न।
निविदा प्रपत्र का मूल्यः Nil, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः 06 Months • निविदा दिनांक 02.02.2024 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साईट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T) पर देखें। 69/24(K)
@northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना सं0 : JHS-N-W-01-24 दिनांक : 09.01.2024
ई-निविदा सूचना
वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

| ई-निविदा सूचना संख्याः JHS-N-W-01-24 | कार्य लागत लगभग | धरोहर राशि |
|---|---|---|
| कार्य का नाम : प्रोविजन ऑफ एस एंड टी रिलेटिड वर्क | रू. 13845674.25 | Rs. 219200/- |

इन कनेक्शन विथ LHS/RUB/ROB एंड अदर इंजीनियरिंग वर्क्स इन बीना-धोलपुर सेक्शन ऑफ झाँसी डिवीजन (LC No. 312, 314, 319, 341, 351, 407b, 409, 411, 449 etc)
निविदा प्रपत्र का मूल्य : Nil, निविदा खुलने की तिथि : 02.02.2024 Time 15:00, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि : 12 माह, • निविदा दिनांक 02.02.2024 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T) पर देखें। 70/24 (D)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR

## पृष्ठ एक के शेष....

**'मेरा सौभाग्य कि पुण्य...**
मेरा सौभाग्य है कि मैं भी इस पुण्य अवसर का साक्षी बनूंगा। प्रभु ने मुझे प्राण प्रतिष्ठा के दौरान, सभी भारतवासियों का प्रतिनिधित्व करने का निमित्त बनाया है। इसे ध्यान में रखते हुए मैं आज से 11 दिन का विशेष अनुष्ठान आरंभ कर रहा हूं। मैं आप सभी जनता-जनार्दन से आशीर्वाद का आकांक्षी हूं। इस समय, अपनी भावनाओं को शब्दों में कह पाना बहुत मुश्किल है, लेकिन मैंने अपनी तरफ से एक प्रयास किया है,'

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

**दादा-पोते का...**
पोते आयुष के मौत की खबर उसके परिजनों को लगी तो परिजनों में चीख-पुकार मच गई और परिवार के लोग काफी तादात में पलवल पहुंचे। पलवल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

पोस्टमार्टम के बाद एंबुलेंस से आयूष का शव जहांगीरपुर उसके घर पहुंचा तो लोगों की भारी भीड़ लग गई और परिजनों की चीत्कार सुनकर लोगों की आंखें नम हो गई। गमगीन माहौल में दादा पोते का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। दादा पोते की मौत को लेकर पड़ोसी भी गमजदा थे उनके घरों में भी चूल्हे नही जले। पड़ोस के लोग आयूष की मौत को लेकर भावुक थे।

**कड़ी सुरक्षा में...**
उठे ग्रामीणों व परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इसके अलावा परिजनों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की भी मांग की। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने नामजद आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया इसके बाद परिजन ने पुलिस की मौजूदगी में सुखपाल का अंतिम संस्कार किया। गांव में व्याप्त तनाव को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात थे।

**औद्योगिक सेक्टरों...**
औद्योगिक सेक्टरों में पार्किंग शुल्क वसूलने के प्रावधान पर संस्था अपनी आपत्ति दर्ज कराती है। उक्त औद्योगिक सेक्टरों में छोटे उद्योगों की संख्या 80 प्रतिशत तक है। ऐसे में इन उद्योगों पर पार्किंग के नाम पर आर्थिक बोझ डालना उचित नहीं हैं। उद्यमियों ने जब भूखंड लिया था तब सडक़ की चौड़ाई, पार्किंग फेस, कॉर्नर प्लॉट के हिसाब से अलग-अलग लोकेशन शुल्क वसूला गया था। उद्यमी प्राधिकरण को लीज रेंट भी देते हैं। ऐसे में इकाई के आगे वाहन पार्किंग शुल्क वसूलने का अधिकार किसी को दिया जाना उचित नहीं है। औद्योगिक सेक्टरों में भूखंड आवंटित करते समय लोकेशन चार्ज वसूलकर जो संपत्ति उद्यमियों के हवाले की गई उसे दोबारा से पार्किंग ठेकेदारों को सौंपना उचित नहीं है।

सुरेंद्र सिंह नाहटा का कहना है कि पार्किंग परियोजनाओं के नाम पर नोएडा प्राधिकरण द्वारा धन की बर्बादी कर रहा है। जनता को सुविधा देने के लिए लगभग 550 करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई बॉटेनिकल गार्डन मल्टीलेवल पार्किंग खंडहर में तब्दील हो रही है। इसका रखरखाव भी उचित तरीके से नहीं हो रहा है। वर्क सर्किल अधिकारियों की मिलीभगत से आठ मजिला इस पार्किंग में वाहनों के शोरूम संचालित कराए जा रहे हैं। प्राधिकरण ने यहां स्टार्टअप हब के अलावा तमाम कॉमर्शियल गतिविधियों की जगह बनाई थी परंतु कुछ नहीं हुआ। संस्था की तरफ से इस बहुमंजिला इमारत में औद्योगिक उत्पादों की प्रदर्शनी के लिए डिस्प्ले सेंटर बनाने, औद्योगिक उत्पादों की टेस्टिंग लैब और मशीनरी बाजार बनाने का सुझाव कई बार दिया जा चुका है।

औद्योगिक सेक्टरों में जाम की समस्या खत्म करने के लिए लगभग 115 करोड़ रुपया खर्च कर सेक्टर-1, 3 व 5 में भूमिगत पार्किंग बनाई गई हैं, परंतु इनका भी दुरुपयोग हो रहा है। औद्योगिक सेक्टरों की सडक़ें अब भी जाम से बेहाल हैं। ऐसे में सड़कों की दशा बिगाड़ने के लिए पार्किंग ठेकेदारों को सुपुर्द नहीं किया जाना चाहिए। संस्था की ओर से औद्योगिक सेक्टरों की सड़कों पर पार्किंग शुल्क का प्रावधान किए जाने के निर्णय का विरोध किया जाता है।

**घर में नहीं लगा मीटर...**
मीटर रीडिंग के बिल भेजे जा रहे हैं। शिकायत के आधार पर विभागीय लाइनमैन ने उपभोक्ता के परिसर को चेक किया तो पता चला कि वहां पर करीब 18 माह से मीटर नहीं लगा हुआ है।

इस प्रकरण में कई बार उपभोक्ता ने कार्यालय में आकर भी शिकायत की थी इसके अलावा कई अन्य उपभोक्ताओं ने शिकायत की थी कि वास्तविक खपत रीडिंग के अनुसार बिलिंग नहीं की जा रही है। बगैर परिसर पहुंचे मीटर रीडर द्वारा मनमानी तरीके से रीडिंग बनाई जा रही है। अवर अभियंता संतोष कुमार ने मीटर रीडर आकाश कुमार तथा बिलिंग एजेंसी के सुपरवाइजर राहुल शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है

**शराब के नशे में...**
शौक पूरा करने के लिए उसने खेत भी बेच दिए हैं। वह जब उसके शराब पीने का विरोध करती है तो दीपक अक्सर उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट करता है।

**हिन्दुओं का गौरवदिवस...**
है कि इस अवसर को हम फलीभूत होते देख रहे है। इस अवसर पर हम सभी की जिम्मेदारी है कि इस महत्वपूर्ण कार्य में अपना अपना योगदान कर सहभागी बनें

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुनील भारी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजे कसाना,अस्पताल के निदेशक दिव्यांशु गुप्ता, हरवीर यादव,सोनू व सुनील भाटी अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित रहे।

**आईटी कंपनी के कर्मी...**
रात्रि 11 बजे के आसपास उसने अपनी बुआ व मम्मी से फोन पर बात की थी। इस दौरान वह काफी खुश थी। 15 दिसंबर को तड़के 4:00 बजे उनकी बेटी के पास पवन ने कॉल किया और बताया कि संजना ने ऑफिस में खुदकुशी कर ली है। अशोक कुमार ने आरोप लगाया कि पवन की वजह से ही उनकी बेटी ने आत्महत्या की है। पवन ने ही उसे प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए मजबूर किया है।

**एसएमईएफआई में सदस्य...**
वह पिछले काफी समय से जनपद गौतमबुद्धनगर में मजदूरों की आवाज को संगठन के माध्यम से उठाकर उनके समस्याओं का निराकरण करने का कार्य रहे हैं।

## सपा कार्यालय के बाहर लगा होर्डिंग..डिंपल यादव को बताया भावी सीएम

### -होर्डिंग में अखिलेश यादव की कोई फोटो नहीं

लखनऊ । लखनऊ में समाजवादी पार्टी के कार्यालय के बाहर एक ऐसा होर्डिंग लगा है, इस होर्डिंग ने सभी को चौंका दिया । दरअसल होर्डिंग में सपा प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव की पत्नी और मैनपुरी सांसद डिंपल यादव को उत्तर प्रदेश का भावी मुख्यमंत्री बताया गया है । जिसके बाद यूपी की राजनीति में तरह-तरह की अटकलें लग रही हैं । सपा दफ्तर के बाहर लगे पोस्टर को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अब्दुल अजीम ने लगवाया है । दरअसल 15 जनवरी को डिंपल का जन्मदिन है । पार्टी कार्यालय के बाहर लगे होर्डिंग में उन्हें जन्मदिन की बधाई दी गई है । साथ ही बताया गया है कि उस दिन कंबल वितरण कार्यक्रम भी रखा गया है । सपा कार्यकर्ता अजीम द्वारा लगवाए गए पोस्टर में लिखा है, आधी आबादी का नेतृत्व करने वाली देश की सबसे सरल स्वभाव की सांसद और यूपी की भावी मुख्यमंत्री को अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं । इसके अलावा होर्डिंग में एक ओर सपा संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव और दूसरी ओर आजम खान और शिवपाल की फोटो लगी है । इसके पहले बीते साल अक्टूबर में सपा के लखनऊ कार्यालय पर अखिलेश यादव के पोस्टर लगाए गए थे, जिसमें उन्हें भावी प्रधानमंत्री बताया गया था । हालांकि अखिलेश ने इस लेकर कहा था कि अगर किसी समर्थक ने पोस्टर लगाया है, तब वह खुशी व्यक्त कर रहा है जो वह चाहता है । समाजवादियों का लक्ष्य भाजपा को रोकना है ।

## अनंतनाग में हुआ महबूबा मुफ्ती की कार का एक्सीडेंट, बाल-बाल बचीं पूर्व सीएम

श्री नगर । जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती गुरुवार को उस समय बाल-बाल बच गई जब उनका वाहन दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के संगम इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया । अधिकारियों के मुताबिक, संगम इलाके में महबूबा की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई । महबूबा मुफ्ती को कोई चोट नहीं आई; हालांकि, रिपोर्टों में कहा गया है कि उनके ड्राइवर के पैर में मामूली चोट आई है । मुफ्ती आग लगने की घटना के पीड़ितों से मिलने के लिए खानबल जा रही थीं । वहीं, उनकी निजी सुरक्षा में तैनात एक पुलिस अधिकारी को मामूली चोटें आईं । पीडीपी अध्यक्ष अपनी निर्धारित यात्रा पर आगे बढ़ीं । उनकी बेटी इल्तिजा ने एक्स पर पोस्ट किया, 'सुश्री मुफ्ती की कार आज अनंतनाग के रास्ते में एक भयानक दुर्घटना का शिकार हो गई । ईश्वर की कृपा से वह और उनके सुरक्षा अधिकारी बिना किसी गंभीर चोट के सुरक्षित बच गए।'

## महाराष्ट्र में बढ़ रहा है कोरोना का खतरा, नए वेरिएंट जेएन.1 के 200 से अधिक मामले दर्ज

मुंबई । महाराष्ट्र में पिछले कुछ दिनों में कोरोना मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है । कोरोना के मरीज बढ़ने से स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है । पिछले 24 घंटों में देश में 605 नए कोरोना मरीज सामने आए हैं । महाराष्ट्र में कोरोना के नए सब-वेरिएंट जेएन.1 के मामले बढ़ते दिख रहे हैं । महाराष्ट्र में जेएन.1 मामलों की संख्या 200 को पार कर गई है. वर्तमान में दिखने वाला जेएन.1 उप-संस्करण ओमिक्रॉन का वंशज है । इसे पहले बीए.2.86 या पिरोला के नाम से जाना जाता था। सबसे पहले इसकी सूचना केरल में दी गई थी। जानकारी के अनुसार, दिसंबर 2023 में 239 मामले और नवंबर 2023 में 24 मामले वेरिएंट जेएन.1 के निर्धारित किए गए थे । बहरहाल महाराष्ट्र में लगातार कोरोना संक्रमण के बढ़ने से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है और इस संक्रमण को रोकने के लिए एहतियात बरतने की तैयारी की जा रही है.

## अभी तक नहीं मिली मॉडल दिव्या की डेड बॉडी, 8 दिन से आरोपी भी गायब

गुड़गांव । मर्डर के बाद से 8 दिन हो गए लेकिन मॉडल दिव्या की अभी तक न डेड बॉडी मिली और न ही आरोपी का कोई सुराग हाथ लगा है । जानकारी के अनुसार गैंगस्टर संदीप गाडोली की मॉडल गर्लफ्रैंड दिव्या पाहुजा मर्डर केस में लाश ठिकाने लगाने वाले आरोपी बलराज गिल और रवि बांगा का पुलिस ने लुक आऊट सर्कुलर जारी किया है। पुलिस ने दोनों वांछितों पर 50-50 हजार रुपए का ईनाम भी रखा है। विदेश भागने की संभावनाओं के चलते दोनों की गिरफ्तारी के लिए गुरुग्राम पुलिस क्राइम ब्रांच की 6 टीमों द्वारा हरियाणा, पंजाब व हिमाचल में छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने 5 दिन का रिमांड पूरा होने पर मुख्य आरोपी अभिजीत को अदालत में पेश किया। कोर्ट के समक्ष पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कहा कि अभिजीत पुलिस जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। वारदात में प्रयोग किया हथियार और दिव्या का आई- फोन कहां फेंका गया या नष्ट किया गया, इसकी तफ्तीश बाकी है। जिसके बाद कोर्ट ने अभिजीत का 6 दिन का रिमांड और मंजूर कर दिया। दूसरी ओर बुधवार को मेघा का 2 दिन का रिमांड पूरा होने पर उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। बता दें कि दिव्या हत्याकांड के मास्टरमाइंड होटल मालिक अभिजीत और लाश को होटल से बाहर तक ले जाने में मदद करने वाले ओमप्रकाश और हेमराज को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इसके बाद पुलिस ने अभिजीत की गर्लफ्रैंड मेघा को भी गिरफ्तार कर लिया। हालांकि दिव्या मर्डर केस को 8 दिन हो गए हैं और पुलिस के हाथ अभी तक उसका शव नहीं लगा है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि दोनों आरोपियों ने दिव्या के शव को भाखड़ा नहर में फेंक दिया और अंडरग्राउंड हो गए।

## शक्ति नहर हादसे में तीसरे दिन मिली 5वीं लाश, दुर्घटना का वीडियो भी आया

ऋषिकेश । ऋषिकेश के पास चीला रोड पर शक्ति नहर में हुए हादसे में एक और शव मिला है। इस तरह मृतकों की संख्या बढ़कर अब 5 हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शक्ति नहर में तीन दिन की तलाशी के बाद गुरुवार सुबह वार्डन आलोकी देवी का शव बरामद कर लिया गया। सर्चिंग ऑपरेशन के तीसरे दिन एसडीआरएफ को यह कामयाबी मिली है। निरीक्षक कवींद्र सजवाण के मुताबिक बरामद शव की शिनाख्त लापता राजाजी पार्क की वार्डन आलोकी के रूप में कर ली गई है। शव को लक्ष्मणझूला पुलिस के सुपुर्द कर पोस्टमार्टम के लिए एम्स भिजवाया गया। बता दें कि सोमवार को हुई दुर्घटना में दो रेंजरों समेत चार लोगों की मौत हो गई थी। चीला वार्डन आलोकी देवी शक्तिनहर में गिरने के कारण लापता हो गईं थीं। हादसे में पांच लोग गंभीर घायल हुए हैं, जिन्हें एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया। इस दौरान बैराज मार्ग पर सड़क हादसे में घायल और जान गंवाने वाले वन अधिकारियों के हादसे का एक वीडियो भी सामने आ गया है। इससे पता चल रहा है कि हादसा वाहन के अनियंत्रित होने के कारण हुआ था। यह अनियंत्रित होकर पेड़ पर टकराया था। जिसके बाद टायर फटा और हादसा हो गया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि इससे पहले भी बुधवार को सड़क हादसे में जान गंवाने वाले अधिकारियों का हादसे से पहले का एक वीडियो सोशल मीडिया आया था। इसमें ट्रायल वाहन में अधिकारी और कर्मचारी बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। हंसी-खुशी के साथ सभी वन अधिकारी इंटरसेप्टर वाहन का आनंद लेते नजर आ रहे हैं। ड्राइवर के बगल में एक वन कर्मचारी बैठा हुआ दिखाई दे रहा है। जबकि बीच वाली सीट पर तीन वन अधिकारी और कर्मचारी बैठे हुए हैं। इनमें से कोने पर बैठा हुआ एक वन कर्मचारी मोबाइल के फ्रंट कैमरे से सभी की वीडियो बना रहा है। पीछे वाली सीट पर वार्डन अलोकी समेत दो वन अधिकारी बैठे दिख रहे हैं और तीन वन कर्मचारी वाहन में पीछे खड़े हैं। इसके कुछ ही देर बाद यह हादसा हो गया।

## मूसेवाला हत्याकांड के आरोपियों के घर एनआईए ने दी दबिश, हुई पूछताछ

चंडीगढ़ । एनआईए के अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस को साथ लेकर मूसेवाला हत्याकांड के आरोपियों के घर दबिश दी। इस दौरान दोनों परिवार से पूछताछ की और उनके मकानों को खंगाला। गुरुवार तड़के पांच बजे से लेकर करीब 7 बजे तक दोनों के परिवार वालों से एनआईए के अधिकारियों ने पूछताछ की। बता दें कि आरोपी अंकित सेरसा सोनीपत के गांव सेरसा का रहने वाला है वहीं प्रियव्रत फौजी का परिवार गांव गढ़ी सिसाना में रहता है। गैंगस्टर और उनके गुर्गों पर शिकंजा कसने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने सुबह पांच बजे सोनीपत के गांव गढ़ी सिसाना में कुख्यात प्रियव्रत फौजी व सेरसा में अंकित के घर पर दबिश दी। टीम ने दोनों के घरों को खंगालने के साथ ही प्रियव्रत फौजी की मां और अंकित सेरसा के पिता से पूछताछ की। इसके बाद टीम वापस लौट गई। गुरुवार सुबह पांच बजे ही सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मुख्य आरोपी और लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शार्प शूटर प्रियव्रत फौजी और अंकित सेरसा के घर पर एनआईए की टीम ने दबिश दी।

# शरद पवार के लिए फिर मुसीबत: शिवसेना शिंदे की हो गई, अब क्या अजीत की होगी एनसीपी?



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की राजनीति में दो बड़े दल शिवसेना और एनसीपी कभी किंगमेकर हुआ करते थे। आज दोनों दल दो-दो गुटो में बंट गए हैं। शिवसेना किस की है इसका फैसला स्पीकर राहुल नार्वेकर ने दे दिया है। बीते रोज उन्होने साफ कर दिया कि शिंदे की ही असली शिवसेना है। इसके बाद बारी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी एनसीपी की है। इसमें शरद पवार और अजीत पवार के बीच जंग छिड़ी हुई है। दोनों ही दिग्गज नेता एनसीपी पर अपना अपना दावा ठोक रहे हैं। ऐसे में शरद पवार की धड़कने तेज होना लाजिमी है। माना जा रहा है कि कहीं शिवसेना जैसा ही हाल एनसीपी का न हो जाए। कहीं असली एनसीपी अजीत पवार की हो गई तो शरद पवार के लिए बड़ा राजनैतिक झटका होगा। इस तरह की चर्चा इसलिए जोर पकड़ रही है कि एनसीपी पर 31 जनवरी तक स्पीकर को फैसला लेना है।

महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर से उद्धव ठाकरे को जिस तरह से झटका मिला है, ऐसे में अब सबकी नजरें शरद पवार और अजित पवार के बीच जारी जंग पर टिक गई है। जिस तरह से उद्धव के खिलाफ और एकनाथ शिंदे के पक्ष में स्पीकर का फैसला आया है, ऐसे में शरद पवार की भी बेचैनी बढ़ सकती है। यहां बताना जरूरी है कि शरद पवार के भतीजे अजित पवार ने बगावत कर दी थी। एनसीपी में दो जुलाई को तब विभाजन हो गया था, जब अजित पवार और आठ अन्य विधायक एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हो गये थे। इन आठ विधायकों में छगन भुजबल, हसन मुशरिफ, दिलीप वलसे पाटिल आदि शामिल हैं। माना जा रहा है कि इस मामले में आखिरी सुनवाई 25 जनवरी से शुरू होगी, जो 27 जनवरी तक चलेगी और इसके बाद फिर स्पीकर अपना फैसला सुनाएंगे।

महाराष्ट्र में शिवसेना के बाद अब किसकी एनसीपी है असली, इस पर फैसले की बारी है। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने शिवसेना पर अपना फैसला सुना दिया और एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना को ही असली शिवसेना माना। इस फैसले से आहत उद्धव ठाकरे ने अब सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही है। उद्धव ठाकरे पर स्पीकर के फैसले के बाद अब शरद पवार की बारी है। शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार के बीच असली एनसीपी किसकी है, पर जंग जारी है, जिसे लेकर इस महीने यानी 31 जनवरी तक स्पीकर राहुल नार्वेकर को फैसला लेना है।

दरअसल, महाराष्ट्र के स्पीकर राहुल नार्वेकर ने बुधवार को असली शिवसैनिक कौन से जुड़े अयोग्यता संबंधी कई याचिकाओं का निपटारा कर दिया। मगर अब एनसीपी के दो गुटों के बीच जारी झगड़े का फैसला करना है। एनसीपी गुट द्वारा दायर याचिकाओं पर उन्हें सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के मुताबिक 31 जनवरी तक फैसला लेना होगा। खबर के मुताबिक, महाराष्ट्र विधायिका सचिवालय के रिकॉर्ड से पता चलता है कि कार्यवाही 6 जनवरी को शुरू हुई। उम्मीद की जा रही है कि 18 जनवरी को या उससे पहले इस मामले में शामिल सभी पक्ष गवाहों की सूची साझा करेंगे और हलफनामा दाखिल करेंगे। इस मामले में गवाहों से 20 जनवरी को जिरह यानी क्रॉस एग्जामिनेशन होगी, जबकि उत्तरदाताओं से 23 जनवरी को जिरह होगी। बता दें कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले प्रतिद्वंद्वी गुटों द्वारा एक-दूसरे के विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं पर अपना फैसला पढ़ते हुए नार्वेकर ने कहा था कि 21 जून, 2022 को जब प्रतिद्वंद्वी समूहों का उदय हुआ तो शिवसेना का एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला धड़ा ही 'असली राजनीतिक दल' (असली शिवसेना) था।

## सबसे ताकतवर पासपोर्ट्स की सूची में भारत भी हुआ शामिल

नई दिल्ली । दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट वाले देशों की ताजा सूची में भारत भी शामिल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार जारी सूची में भारत 80वें स्थान पर है। वहीं, शीर्ष पायदान पर एक नहीं बल्कि 6 देश काबिज हैं। ये देश 194 स्थानों पर अपने नागरिकों को वीजा फ्री एंट्री की ताकत रखते हैं। इसमें खास बात यह है कि लिस्ट में भारत का पड़ोसी पाकिस्तान शीर्ष 100 देशों में भी शामिल नहीं है। जबकि भारत को 80वें स्थान पर रखा गया है। नागरिक 62 देशों में बगैर वीजा के यात्रा कर सकते हैं। साल 2023 में भारत इस लिस्ट में 83वें स्थान पर था।



लिस्ट में भारत के साथ 80वें स्थान पर उज्बेकिस्तान का नाम भी शामिल है। भारत के एक और पड़ोसी चीन को 62वीं रैंकिंग मिली है और उसके साथ पपुआ न्यू गिनी भी इसी पायदान पर है। 104 देशों की सूची में अंतिम स्थान पर अफगानिस्तान है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की 2024 की रैंकिंग के अनुसार, पहले पायदान पर फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, सिंगापुर और स्पेन हैं। वहीं, दूसरे स्थान पर फिनलैंड, दक्षिण कोरिया और स्वीडन हैं। इन तीन देशों के पासपोर्टधारकों को 193 स्थानों पर वीजा फ्री एंट्री मिलती है। तीसरे स्थान पर ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, आयरलैंड और नीदरलैंड्स हैं। चौथा स्थान पांच देश मिलकर साझा कर रहे हैं। इनमें बेल्जियम, लक्समबर्ग, नॉर्वे, पुर्तगाल और ब्रिटेन का नाम शामिल है। जबकि, पांचवे स्थान में ग्रीस, माल्टा और स्विट्जरलैंड हैं। ताकतवर पासपोर्ट्स के लिहाज से 2024 यूरोपीय देशों के लिए खुशखबरी लेकर आया है। पहले स्थान पर दो एशियाई देशों के साथ चार यूरोपीय देश शामिल हो गए हैं।

# राजनाथ सिंह का दावा, पीएम मोदी के कारण भारतीयों को निकालने के लिए रुका-यूक्रेन युद्ध



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूस के साथ युद्ध के दौरान यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को निकालने के प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। लंदन में एक नागरिक अभिनंदन समारोह में बोलते हुए सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री फंसे हुए भारतीय छात्रों की वापसी के लिए एक सुरक्षित गलियारा सुनिश्चित करने के लिए रूस और यूक्रेन दोनों के नेताओं के साथ चर्चा में लगे हुए हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मोदी के कूटनीतिक प्रयासों के परिणामस्वरूप संघर्ष में चार से पांच घंटे का ठहराव आया।

राजनाथ ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच सैन्य संघर्ष शुरू होने के बाद, यूक्रेन में पढ़ रहे हमारे बच्चों के माता-पिता उनके ठिकाने और व्यक्तिगत सुरक्षा को लेकर चिंतित थे। प्रधान मंत्री ने यूक्रेन से हमारे छात्रों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने का बीड़ा उठाया। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ सगाई की। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन से भी बातचीत की कि अमेरिका का कोई भी हस्तक्षेप छात्रों की सुरक्षित वापसी में बाधा नहीं बनेगा। उनके प्रयासों की बदौलत, लड़ाई को चार से पांच घंटे के लिए रोक दिया गया, जिससे यूक्रेन से 22,000 से अधिक छात्रों को सुरक्षित निकालने में मदद मिली।

सिंह ने सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के विकास और भारत में डिजिटल उछाल में महत्वपूर्ण निवेश पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब डिजिटल लेनदेन की बात आती है, तो भारत के अलावा किसी अन्य देश में 80 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता नहीं हैं। पूरी दुनिया ने यूपीआई के माध्यम से हमारे निर्बाध डिजिटल लेनदेन को स्वीकार किया है और इसकी सराहना की है। हमारे देश में अब तक क्यू के माध्यम से लगभग 130 लाख करोड़ डिजिटल लेनदेन हो चुके हैं।

## यूपी के बाहुबली नेता अमरमणि की संपत्ति होगी कुर्क, कोर्ट ने दी 10 दिन की मोहलत



**बस्ती (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री और बाहुबली नेता अमरमणि त्रिपाठी की कभी पूरे राज्य में तूती बोलती थी। बड़े बड़े दिग्गज उनके फैसले को काटते नहीं थे। लेकिन जब कवियत्री मधुमता हत्याकांड में नाम आया तो कानून के आगे उनकी पूरी हैकड़ी धरी की धरी रह गई। अब एक और नया विवाद उनके लिए मुसीबत लाया है। वो है एक व्यापारी के बेटे का अपहरण। इस 22 साल पुराने मामले में कोर्ट ने दस दिन की मोहलत देते हुए त्रिपाठी की संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया है। एमपी-एमएलए कोर्ट ने अमरमणि त्रिपाठी की प्रॉपर्टी कुर्क करने के लिए आदेश दिया है। इसके लिए कोर्ट ने पुलिस को 10 दिन की मोहलत दी है। इससे पहले पूर्व मंत्री ने कुर्की रोकने अपील की थी जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। अब कोर्ट के आदेश पर पूर्व मंत्री की चल और अचल संपत्ति पुलिस खंगाल रही है, मामले की अगली सुनवाई 20 जनवरी को होगी।

22 साल पुराने राहुल अपहरण कांड केस की सुनवाई में हाजिर नहीं होने पर अमरमणि त्रिपाठी के खिलाफ यह एक्शन लिया जा रहा है।व्यापारी के बेटे के अपहरण के मामले में 22 साल से फरार पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी को न्यायालय से कोई राहत नहीं मिली। पुलिस ने बुधवार को केस की सुनवाई के दौरान अदालत में अमरमणि की संपत्तियों की सूची प्रस्तुत की। साथ ही कुर्की के लिए कुछ और वक्त मांगा। 6 दिसंबर 2001 को व्यापारी धर्मराज मद्धेशिया के बेटे राहुल के अपहरण केस में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम/विशेष न्यायाधीश की अदालत में रिपोर्ट पेश की गई। रिपोर्ट में कहा गया कि अपहरण, साजिश, बंधक बनाने, गैंगस्टर आदि धाराओं में वांछित अमरमणि त्रिपाठी के खिलाफ चल रही कुर्की की कार्रवाई के क्रम में समस्त चल/अचल संपत्ति का ब्योरा एकत्रित किया गया है। कुर्की के लिए डीएम बस्ती से पत्राचार किया गया है। जल्द ही जिला प्रशासन के समन्वय से उन संपत्तियों को कुर्क किया जाएगा, इसके लिए अतिरिक्त समय प्रदान किया जाए। न्यायालय ने एक अवसर प्रदान करते हुए 20 जनवरी को सुनवाई के लिए तारीख तय की। इस बीच कुर्की की कार्रवाई पूरी करनी होगी।

## विदेश मंत्री ने भारत के लिए कनाडा से बेहतर बताया अमेरिका

नई दिल्ली । अमेरिका और कनाडा के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया कि अमेरिका कनाडा के मुकाबले 'स्वतंत्रता के दुरुपयोग' पर मजबूत स्थिति रखता है। उन्होंने कहा, 'दूसरा, अमेरिका अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर इन अलगाववादी, आतंकवादी, चरमपंथी गतिविधियों को उचित नहीं ठहराता है। हमने कनाडा के मुकाबले अमेरिका को स्वतंत्रता के दुरुपयोग पर कहीं अधिक कड़ा रुख अपनाते हुए देखा है। कनाडा ने भी कई बार हमारी राजनीति में खुलेआम हस्तक्षेप किया है। हम सभी को पंजाब की घटनाएं याद हैं। मुझे लगता है कि दुनिया में एकमात्र प्रधानमंत्री जिन्होंने सार्वजनिक रूप से इस पर टिप्पणी की वह कनाडाई प्रधानमंत्री थे। मैं कहूंगा कि हमारे यहां सेब और संतरे हैं और मैं दोनों को मिलाऊंगा नहीं।' विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा और अमेरिका के साथ संबंधों में आए तनाव पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने इन दोनों देशों के बीच एक बड़ा अंतर समझाते हुए कहा कि कनाडा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर आतंकवादी और चरमपंथी गतिविधियों को उचित ठहराता है, जबकि अमेरिका ऐसा नहीं करता। अंग्रेजी अखबार को दिए इंटरव्यू में उन्होंने ये बात कही। दरअसल पिछले साल नवंबर में एक भारतीय नागरिक पर अमेरिका में खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था।

## प्रदेश में एक साथ नहीं होंगे लोकसभा-विधानसभा चुनाव : जेपी नड्डा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चंडीगढ़ (ईएमएस)। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हरियाणा में संकेत ?दिए ?कि प्रदेश में एक साथ लोकसभा-विधानसभा चुनाव नहीं होंगे। वहीं हरियाणा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव अपने-अपने पूर्व निर्धारित समय पर होने की संभावना है। चर्चा चल रही थी कि लोकसभा के साथ ही विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। इन चर्चाओं के आधार पर प्रदेश के सभी राजनीतिक दल लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव होने की रणनीति पर आगे बढ़ रहे थे। इधर भाजपा के प्रदेश नेतृत्व को पार्टी हाईकमान तथा केंद्रीय चुनाव आयोग से ऐसा कोई इशारा अभी तक नहीं मिला, जिस कारण संभावना जताई जा रही है कि राज्य में लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव नहीं होंगे। गौरतलब है ?कि छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्यप्रदेश में भाजपा की जीत के बाद ही कयास लगाए जाने लगे थे कि हरियाणा विधानसभा के चुनाव लोकसभा के साथ हो सकते हैं। इसकी वजह यह है कि अक्टूबर 2024 में मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल पूरा हो रहा है, जबकि लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने हैं। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में यदि छह माह का अंतर हो तो केंद्रीय चुनाव आयोग को एक साथ चुनाव कराने का अधिकार होता है। बता दें कि हाल ही में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा पंचकूला में आए थे। उन्होंने भाजपा की प्रदेश कोर ग्रुप और प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में ऐसा कोई संकेत नहीं दिया कि लोकसभा के साथ ही विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। हालांकि कुछ पदाधिकारियों ने इस मामले को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष से स्थिति भी साफ करने का अनुरोध किया, जिसके बाद उन्होंने कहा कि सभी लोकसभा चुनाव की तैयारी करें और 10 लोकसभा सीटों पर अपना फोकस ज्यादा करें।

# निमंत्रण अस्वीकार करने पर स्मृति ईरानी ने सोनिया गांधी को लिया आड़े हाथों

### -आलोचना करते हुए कहा- उन्हें भगवान राम के प्रति जरा सी भी आस्था नहीं



**पटना (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का निमंत्रण ठुकराने पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की आलोचना की है। स्मृति ने सोनिया द्वारा निमंत्रण 'अस्वीकार किए जाने की आलोचना करते हुए दावा किया कि यह उनकी भगवान राम के प्रति आस्था की कमी को दर्शाता है। पटना स्थित भाजपा के राज्य मुख्यालय में लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी के संचार नेटवर्क को मजबूत करने के लिए आयोजित एक 'मीडिया कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करते हुए स्मृति ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया है कि सोनिया गांधी ने 22 जनवरी के समारोह अयोध्या का निमंत्रण अस्वीकार कर दिया है। हम उनसे इससे कुछ अलग की क्या उम्मीद कर सकते हैं। उनकी राम में आस्था नहीं है ये उन्होंने प्रमाणित किया। स्मृति ईरानी ने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास पीएम नरेन्द्र मोदी के रूप में एक ऐसा नेता है जो लोकतंत्र के मंदिर और राम के मंदिर के लिए समान रूप से समर्पित है। स्मृति ईरानी ने बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कांग्रेस नेताओं ने निमंत्रण स्वीकार नहीं किया है। आखिरकार, जब सोनिया गांधी पार्टी की प्रमुख थीं और वह केंद्र में सत्ता में थी, तब अदालत में दाखिल हलफनामा में कहा गया था कि भगवान राम का अस्तित्व नहीं है। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस की सहयोगी जनता दल यूनाइटेड अध्यक्ष व बिहार के सीएम नीतीश कुमार और राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद को निमंत्रण दिया जाएगा तो उन्होंने कहा, ''मैं केवल इतना कह सकती हूं कि सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस बार-बार सनातन धर्म को बदनाम करने की दोषी रही है और अब इसमें 'इंडिया गठबंधन के अन्य दल शामिल हो गए है। कार्यशाला को संबो?धित करते हुए उन्होंने 'इंडिया गठबंधन को 'अपवित्र गठबंधन बताया।

# इंडिया में शामिल होने की बजाय मायावती तीसरे मोर्चे की तैयारी में जुटीं

### -यूपी में नए प्लान से बढ़ीं सपा की धड़कनें, 11 सीटों पर पड़ सकता है असर

**लखनऊ (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच इंडिया गठबंधन में इन दिनों बसपा सुप्रीमो मायावती को शामिल करने के लिए कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। आ रही खबरों के मुताबिक बसपा सुप्रीमो इन दिनों असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम पार्टी के साथ संपर्क में हैं और तीसरे मोर्चे पर काम कर रही हैं। ऐसे में राजनी?तिक हलकों में चर्चा तेज है ?कि मायावती तीसरा मोर्चा बनाने में जुटीं हैं। हालां?कि कांग्रेस बसपा सुप्रीमो से बात कर रही हैं, लेकिन इस बीच प्रदेश में तीसरे मोर्चे को सुगबुगाहट तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि मायावती इंडिया गठबंधन में शामिल होने को तैयार नहीं हैं, वो तीसरे मोर्चे की तैयारी कर रही हैं। दरअसल बीजेपी को हराने के लिए यूपी में इंडिया गठबंधन खुद को मज़बूत बनाने में जुटा है। अगर बसपा सुप्रीमो इस गठबंधन में शामिल होती है तो यूपी में गठबंधन को फ़ायदा हो सकता है, इसलिए इन दिनों अखिलेश यादव के सुर भी बसपा को लेकर नरम दिखाई दे रहे हैं।

जानकार तो यही बता रहे हैं ?कि कुछ भी हो, मायावती इंडिया गठबंधन को झटका दे सकती हैं। मायावती अगर अलग से मैदान में उतरती है तो इससे इंडिया गठबंधन के लिए मुसीबतें बढ़ सकती हैं। बसपा और एआईएमआईएम का गठबंधन होता है तो ये तीसरा मोर्चा पश्चिमी और पूर्वी यूपी की कई सीटों पर इंडिया गठबंधन का खेल बिगाड़ सकता है। यूपी में क़रीब ग्यारह ऐसी सीटें हैं जहां पर दलित और मुस्लिम वोटर अगर एकसाथ आते हैं तो निर्णायक भूमिका में रह सकते हैं। मायावती और ओवैसी की पार्टी अगर एकसाथ यूपी में चुनाव लड़ते हैं तो इससे कई सीटों पर असर पड़ सकता हैं। इनमें सहारनपुर की सीट शामिल हैं जहां मुस्लिम वोटर बीस फ़ीसद हैं।

इनके अलावा मुरादाबाद सीट भी 2019 में सपा ने जीती थी, लेकिन बसपा अलग रहकर इस सीट पर भी टक्कर दे सकती है। अलीगढ़ और संभल सीट पर भी मुस्लिम आबादी निर्णायक भूमिका में हैं। पूर्वांचल में घोसी, ग़ाज़ीपुर, आज़मगढ़ ऐसी सीटें हैं जहां मुस्लिम वोटर बड़ी तादाद में हैं अगर दलित वोटर इसके साथ जुड़ जाएं तो मायावती यहां बड़ा खेल कर सकती हैं।



अगर वो खुद भी न जीत पाएं तो भी वो इंडिया गठबंधन की हार की वजह बन सकती है। बता दें कि 15 जनवरी को मायावती का जन्मदिन हैं। इस दिन वो जो संदेश देंगी वहीं उनका आखिरी फैसला होगा।

# वर्तमान दौर में हम एमएसएमई के क्षेत्र में व्यापक बदलाव देख रहे हैं : मर्सी एपाओ

**ईडीआईआई ने एमएसएमई क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का संचार विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का किया आयोजन**

**अहमदाबाद एजेंसी।** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने पर आधारित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन का उद्देश्य एमएसएमई क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देना है। भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (आईसी अनुभाग) द्वारा समर्थित सम्मेलन का उद्घाटन मंगलवार को दक्षिण कोरिया के माननीय राजदूत चांग जे-बोक की उपस्थिति में किया गया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुश्री मर्सी एपाओ, संयुक्त सचिव, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार; रसना के चेयरमैन और सीआईआई टास्क फोर्स, अहमदाबाद के चेयरमैन श्री पिरुज खंबाटा और ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला भी उद्घाटन के अवसर पर मौजूद थे।

सम्मेलन ने प्रमुख हितधारकों, विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं को एकसाथ लाते हुए एमएसएमई क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के प्रसार पर चर्चा के लिए एक मंच प्रदान किया। इस कार्यक्रम में ग्लोबल एंटरप्रेन्योरशिप मॉनिटर- इंडिया रिपोर्ट 2022-23 भी जारी की गई, जो देश के उद्यमशीलता परिदृश्य के बारे में गहन जानकारी देती है।

अपने बधाई भाषण में, एंबेसडर चांग ने कोरिया-भारत द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को उद्यमिता की शक्ति का लाभ उठाकर दोनों देशों के बीच सहयोग




को और मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित किया सुश्री मर्सी एपाओ ने अपने संबोधन में कहा, ''वर्तमान दौर में हम एमएसएमई के क्षेत्र में व्यापक बदलाव देख रहे हैं और यह बदलाव इनोवेशन और प्रतिस्पर्धा के कारण संभव हुए हैं। ऐसी स्थिति में उद्यमियों के लिए यह सुनहरे अवसर के समान है, उन्हें इस ईको सिस्टम में बाजार में उपलब्ध अवसरों का फायदा उठाते हुए सहायक नीतियों और रिसर्च पर भी अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए। आइए, हम सामूहिक रूप से एमएसएमई क्षेत्र को आगे बढ़ाएं और देश के आर्थिक विकास में अपनी ओर से योगदान दें। मैं मंत्रालय के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने और देश के आर्थिक विकास में सार्थक योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए ईडीआईआई की सराहना करती हूं।''

खंबाटा ने अपने संबोधन में कहा, आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने का लक्ष्य रखने वाले एमएसएमई उद्यमियों के लिए उद्यमशीलता दक्षता एक महत्वपूर्ण कारक है। उद्यमियों के बीच उद्यमशीलता की अच्छी भावना बिजनेस के इकोसिस्टम को मजबूत करती है, जिससे विकास के लिए एक लचीला और टिकाऊ मॉडल तैयार होता है। यह सम्मेलन ज्ञान का बुनियादी ढांचा तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। मुझे यकीन है कि इस तरह के प्रयास अनुभव साझा करने और आपस में सीखने के लिए एक मंच देकर दुनिया भर में एमएसएमई के विकास को और बढ़ावा देंगे।

डॉ. सुनील शुक्ला ने अपने स्वागत भाषण में कहा, एमएसएमई विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने लगे हैं। भारत में एमएसएमई से संबंधित विभिन्न लाभकारी योजनाएं और नीतियां हैं, और इस क्षेत्र को मजबूत करने के लिए लगातार तरीकों और साधनों की खोज की जा रही है। यह सम्मेलन इस क्षेत्र में पहल को मजबूत करने में मदद करेगा। मैं इस विचारशील पहल का समर्थन करने के लिए एमएसएमई मंत्रालय के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूं।

सम्मेलन में 75 संस्थानों के 200 से अधिक राष्ट्रीय और 74 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के दौरान, एमएसएमई क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के प्रसार और प्रतिस्पर्धात्मकता, एमएसएमई में डिजिटल परिवर्तन- अवसर और चुनौतियां, नीतियां और नियम- एमएसएमई के लिए रूपरेखा और कौशल विकास और प्रौद्योगिकी, एमएसएमई को अपनाना- उद्योग 4.0 का लाभ उठाना जैसे प्रमुख विषयों पर गहन जानकारी प्रदान करने के लिए तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे।

सत्र को प्रमुख वक्ताओं द्वारा संबोधित किया जाएगा, जैसे डॉ. निमनुअल पिवथोंगंगम, चेयरपर्सन, एसएमई कमेटी, जॉइंट फॉरेन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स इन थाइलैंड, बैंकॉक; अमाया अशानी पालीहवदाना, विजिटिंग लेक्चरर, खेल और ग्रामीण विकास मंत्रालय, श्रीलंका; चार्ल्स अमोआको अड्डा, राज्य हित और शासन प्राधिकरण, घाना; वासा फार्माकेम के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. जैमिन वासा; अरुणया ऑर्गेनिक्स के चेयरमैन और सीआईआई गुजरात के पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल; डॉ भारती मोटवानी, एसोसिएट प्रोफेसर, मैरीलैंड विश्वविद्यालय, यूएसए और डॉ सत्य रंजन आचार्य, प्रोफेसर और निदेशक, उद्यमिता शिक्षा विभाग, ईडीआईआई।

## टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने अपना पहला प्योर ईवी आर्किटेक्चर - एक्टीडाटईवी लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास में अग्रणी टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (टीपीईएम) ने आज अपना पहला आधुनिक प्योर ईवी आर्किटेक्चर - एक्टीडाटईवी पेश किया है। एक्टीडाटईवी का मतलब (एडवांस्ड कनेक्टेड टेक-इंटेलिजेंट इलेक्ट्रिक व्हीकल) है। यह यह टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के पोर्टफोलियो में शामिल आगे आने प्रोडक्ट्स के विकास में योगदान देगा। एक्टीडाटईवी इस प्योर इलेक्ट्रिक आर्किटेक्चर पर आधारित पहला प्रोडक्ट होगा। ये कई बॉडी स्टाइल और साइज के साथ तमाम तरह के प्रोडक्ट बनाने में योगदान करेगा। आज से, ग्राहक केवल ?21,000 का भुगतान करके ईवी बिक्री के लिए अधिकृत अपने निकटतम टाटा मोटर्स शोरूम या टाटाडाटईवी स्टोर पर जाकर अपनी एक्टीडाटईवी बुक कर सकते हैं।

## बिड़ला सेलूलोज़ की खरच यूनिट ने सफलतापूर्वक हासिल किया ईयू बैट

**मुंबई एजेंसी।** गुजरात के खरच प्लांट में बिड़ला सेलूलोज़ ने सफलतापूर्वक एग्जॉस्ट गैसों से सीएपी (कार्बन-डाइसल्फ़ाइड एड्सॉर्प्शन प्लांट) सीएस2 रिकवरी सिस्टम को चालू कर और ईयू बैट का दर्जा हासिल कर लिया है। सीएस2 और एच2एस (हाइड्रोजन सल्फाइड) के उत्सर्जन को घटाने के लिए क्लोज्ड-लूप तकनीकों का उपयोग किया गया है, जिसमें सीएस2 को रिकवर करना और एच2एस से सल्फर के तत्व को शामिल किया गया है। 90-95 प्रतिशत सल्फर को रिकवर करने का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। इस नई उपलब्धि को विस्कोस फाइबर मैन्युफैक्चरिंग के लिए ईयू बैट बीआरईएफ में निर्धारित सभी मापदंडों के लिए ब्लूविन लिमिटेड, यूनाइटेड किंगडम द्वारा किए गए एक स्वतंत्र मूल्यांकन से आगे पास किया गया था। ग्रासिम इंडस्ट्रीज के एमडी और बिड़ला सेलूलोज़ के बिजनेस डायरेक्टर एच के अग्रवाल ने कहा, यह ग्लोबल बेस्ट प्रैक्टिस के हिसाब से एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

## ठंड में खाएं एनर्जी से भरपूर बादाम-गाजर का हलवा

**मुंबई एजेंसी।** विंटर सीजन सेहत बनाने और खाने के लिहाज से सबसे अच्छा माना जाता है। बादाम और गाजर का हलवा ठंड के मौसम की खास सौगात है और ये सेहत के लिए भी बहुत मुफीद है। यह एक ऐसा फूड आइटम है जो खाने में बहुत स्वादिष्ट होने के साथ ही शरीर को भरपूर एनर्जी भी प्रदान करता है। इस हलवा के सेवन से शरीर के इम्यून सिस्टम को ताकत मिलती है। यह शुगर मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद है। शरीर में ब्लड शुगर को सामान्य रखता है। यह हृदय को स्वस्थ रखता है। बादाम के सेवन से वजन कम होता है। गाजर से आंखों की रोशनी बढ़ती है। इसमें विटामिन-ई मौजूद होता है जो बालों और त्वचाके लिए बहुत उपयोगी होता है। इसलिए, सर्दीके मौसम में बादाम-गाजर हलवा को अपने आहार और व्यंजनों में शामिल करें। आप इस हलवा को आसानी से घर पर खुद भी तैयार कर सकते हैं।

## पंप इनोवेशन में शक्ति पम्पस का 10वां पेटेंट

**पीथमपुर, एजेंसी।** एनर्जी एफिशिएंट पंप्स और मोटर्स निर्माण की अग्रणी कंपनी शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड को अ सर्फेस हेलिकल पंप कंस्ट्रक्शन विथ कोलिनियर फ्लो के आविष्कार के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ है। पेटेंट कार्यालय, भारत सरकार ने 1970 के पेटेंट अधिनियम में निर्धारित प्रावधानों का पूरी तरह से पालन करते हुए, शक्ति पंप्स को यह पेटेंट प्रदान किया है। यह पेटेंट 20 वर्षों की अवधि के लिए वैध है और यह शक्ति पम्पस् का दसवां पेटेंट है। शक्ति पंप्स का यह इनोवेशन आरओ झिल्ली में रुकावट आने पर भी लगातार जल प्रवाह को जारी रखता है।

## फायरबोल्ट के ड्रीम - रिस्टफोन ने कर दिया है स्मार्टफोन को चैलेंज !!



**नई दिल्ली एजेंसी।** भारत की अग्रणी स्मार्ट वेयरेबल ब्रांड फायरबोल्ट ने अपने ड्रीम रिस्टफोन को लॉन्च किया गया। यह एक अत्याधुनिक एंड्रॉइड स्मार्टवॉच है जो वेयरेबल टेक्नॉलोजी के क्षेत्र की नई परिभाषा लिखेगी। एंड्रॉइड 8.1 ओएस और गूगल प्ले स्टोर के साथ, यह रिस्टफोन एक स्मार्टफोन को एक शानदार स्लीक और कॉम्पैक्ट स्मार्टवॉच डिज़ाइन में बदलता है। लॉन्च डे पर सिर्फ 5999 रुपये की आकर्षक कीमत पर उपलब्ध यह रिस्टफोन 10 जनवरी से फ्लिप्कार्ट, फायरबोल्ट.कॉम और पूरे भारत के ऑफलाइन स्टोरों पर उपलब्ध होगी। रिस्टफोन 12 अलग-अलग रंगों और स्ट्रैप डिज़ाइनों के साथ बेहतरीन रेंज प्रदान करता है, जो उपयोगकर्ताओं को पर्सनलाइज्ड स्टाइल आप्शन देता है। 4जी एलटीई नैनो सिम के साथ इस रिस्टफोन 2.02- इंच ट्रू व्यू डिस्प्ले मिलेगी, जो 600 निट्स ब्राइटनेस और एक स्मूथ 60 हर्ट्ज रिफ्रेश रेट के साथ एक बेहतरीन विसुअल देता है। कनेक्टिविटी जैसे की वाईफाई और जीपीएस जैसी सुविधाएँ इसे और भी ख़ास बनाती है, जिससे कि यूज़र्स बिना किसी परेशानी के इससे जुड़े और नेविगेट करें। इस पावरहाउस में कॉर्टेक्स क्वाड-कोर सीपीयू, 2जीबी रैम और 16जीबी स्टोरेज है, जो एक मजबूत और कुशल यूजर एक्सेपेरियंस देता है। यह डिवाइस न केवल एक तकनीकी चमत्कार है बल्कि आइपी67 वाटर रेजिस्टेंस के साथ एक टिकाऊ साथी भी है।

## श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा लिमिटेड को सीमेंट की श्रेष्ठ गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए पुरस्कृत किया गया




**मुंबई, एजेंसी।** श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा लिमिटेड (बीएसई ङ्क 530 977), कर्नाटक राज्य में सीमेंट के निर्माण और सोलर पावर का उत्पादन और वितरण करने में प्रवृत्त को पिछले तीन वर्ष में जीरो प्रोडक्ट विफलता प्राप्त करने और सीमेंट की श्रेष्ठ गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्डस (बीआईएस), हुबली में पुरस्कृत किया गया है. 77 वें बीआईएस स्थापना दिवस समारोह के दौरान यह पुरस्कार प्रदान किया गया. यह पुरस्कार 6 जनवरी, 2024 को महानुभावों द्वारा श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा लिमिटेड की ओर से श्री मोहन राव ङ्क महाप्रबंधक प्लांट ऑपरेशंस को प्रदान किया गया. इस अवसर पर बोलते हुए, श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा लिमिटेड के चेयरमैन, श्री वेंकटेश कटवा ने कहा, सीमेंट उत्पादन में सर्वोच्च गुणवत्ता मानक बरकरार रखने के लिए पुरस्कार प्राप्त करना वस्तुतः एक सम्मान है. यह पुरस्कार 77वें बीआईएस स्थापना दिवस समारोह के दौरान प्रदान किया गया ।

## बादाम के हेल्दी ट्विस्ट के साथ मनाएं फसलों का त्योहार !

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत में फसलों का त्योहार काफी महत्वपूर्ण होता है। देशभर में इसे अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। भले ही इसे मनाने के तरीके अलग-अलग हों, लेकिन त्योहार का सार बदलता नहीं। माघी के रूप में जाना जाने वाला यह त्योहार उत्तर भारत में लोहड़ी, उत्तर-पूर्व में माघ बिहू, पश्चिम में उत्तरायण, दक्षिण में पोंगल और दक्षिण और पूर्व में मकर संक्रांति के रूप में मनाया जाता है। देशभर में यह परंपरा भरपूर फसलों का आभार व्यक्त करने के रूप में मनाया जाता है। बादाम को अच्छी सेहत का तोहफा माना जाता है। इसलिए, इन खास पलों के लिए यह एक पौष्टिक विकल्प के रूप में हो सकता है। अपने पौष्टिक गुणों के लिए ख्यात बादाम में मैग्नीशियम, फॉस्फोरस और कैल्शियम जैसे जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं। बादाम में जिंक पाया जाता है और यह पोषक तत्व इम्युनिटी बढ़ाने, उसके विकास और उसे बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। इसमें प्रोटीन और विटामिन ई तथा एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। रिसर्च में बादाम को भोजन में शामिल करने के फायदों के बारे में लगातार बताया जा रहा है। इससे दिल की सेहत बेहतर होने से लेकर टाइप 2 डायबिटीज को नियंत्रित करने और पेट भरे होने का एहसास कराने जैसे फायदे शामिल हैं। त्योहारों का आनंद लेने हुए सेहत को महत्व देने के बारे में, फिटनेस एक्सपर्ट और सेलिब्रिटी मास्टर इंस्ट्रक्टर यास्मीन कराचीवाला का कहना है, त्योहारों का समय लजीज खाने और उत्सव का होता है,ऐसे में भला खुद को खाने से कैसे रोक सकता है। जीवन में ऐसे कई तरीके हैं जिससे चीजों को संतुलित किया जा सके और मध्यम मार्ग अपनाया जा सके। इस पर अपनी राय देते हुए शीला कृष्णास्वामी, न्यूट्रिशन एंड वेलनेस कंसल्टेंट कहती हैं, त्योहार का मौसम अपनों से जुड़ने और अपना प्यार, स्नेह और परवाह जताने का एक बेहतरीन मौका देते हैं। लेकिन यह वह समय भी होता है जब हम सावधानी नहीं बरतते और डटकर त्योहारी पकवान खाने लगते हैं। इससे बचने के लिए, हम पारंपरिक मिठाइयों तथा नमकीन की जगह सेहतमंद विकल्प चुनकर उत्सव के सामान्य तरीकों को बदल सकते हैं।

## टाटा पावर और आईसीआईसीआई फाउंडेशन की साझेदारी शुरू करेगी घनवन वृक्षारोपण कार्यक्रम

**पश्चिमी घाटों में 2.5 लाख स्वदेशी पौधें लगाने का लक्ष्य**

**मुंबई , एजेंसी।** सस्टेनेबल इज़ अटेनेबल भरोसे के साथ, देश की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक, टाटा पावर ने दूरदर्शी वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रोजेक्ट घनवन शुरू करने के लिए आईसीआईसीआई बैंक और उसकी समूह कंपनियों की सीएसआर शाखा आईसीआईसीआई फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है। पर्यावरणीय सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए टाटा पावर ने यह महत्वाकांक्षी कदम उठाया है। दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों ने औपचारिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। अगले तीन सालों में, इस परियोजना के तहत महाराष्ट्र के पश्चिमी घाट का एक हिस्सा भिवपुरी, खोपोली और भीरा में टाटा पावर हाइड्रो स्थानों के जलग्रहण क्षेत्रों में 75 एकड़ उपजाऊ क्षेत्रों में 2.5 लाख स्वदेशी पेड़ लगाए जाएंगे। यह परियोजना हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम को दर्शाती है। परियोजना के तहत, आईसीआईसीआई फाउंडेशन वृक्षारोपण गतिविधियों को चलाकर, ड्रिप सिंचाई सुविधा के साथ सौर जल पंप स्थापित करके और तीन साल उनका रखरखाव करके इस पहल का समर्थन करेगा। पेड़ों को आग के खतरे से बचाने में मदद के लिए ट्रेंचिंग जैसे विशेष उपाय भी किए जाएंगे।

## अदाणी ग्रीन ने 750 मिलियन अमेरिकी डॉलर के होल्डको बांड के लिए पेश किया एक कैशबैक रिडेम्पशन प्लान

**अहमदाबाद एजेंसी।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने 9 सितंबर 2024 (होल्डको नोट्स) को देय 750 मिलियन अमेरिकी डॉलर के 4.375 नोट्स के रिडेम्पशन प्लान की घोषणा की है। होल्डको नोट्स की बकाया राशि, मैच्योरिटी से आठ महीने पहले, होल्डको नोट्स को सिक्योर करने वाले विभिन्न रिज़र्व अकाउंट्स के एक हिस्से के रूप में अलग रखे गए कैश बैलेंस राशि के माध्यम से पूरी तरह से सुरक्षित की जाएगी।

होल्डको नोट्स के लिए रिडेम्पशन प्लान नीचे दिया गया है - रिज़र्व अकाउंट्स और इंटरनल स्त्रोतों में राशि - 169 मिलियन अमेरिकी डॉलर (डेब्ट सर्विस रिज़र्व अकाउंट, हेज रिजर्व और रिजर्व अकाउंट पर ब्याज के साथ)।- टोटलएनर्जीज 1,050 मेगावाट जेवी कंसीड्रेशन - 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर, लेनदेन 26 दिसंबर 2023 को समाप्त हो गया, और फंड पहले से ही होल्डको नोट्स के सीनियर डेब्ट रिडेम्पशन अकाउंट (एसडीआरए) में रखा हुआ है। प्रमोटर प्रिफरेंशियल अलॉटमेंट की शुरूआती किश्त से आय - 281 मिलियन अमेरिकी डॉलर, (यूएसडी 2,338 करोड़ रुपये के बराबर), जनवरी 2024 के अंत में अपेक्षित, और यह धनराशि होल्डको नोट्स के सीनियर डेब्ट रिडेम्पशन अकाउंट (एसडीआरए) में जमा की जाएगी।

## टाटा स्टारबक्स ने हर तीन दिन में एक नए स्टोर की शुरुआत की घोषणा



**नई दिल्ली , एजेंसी।** टाटा स्टारबक्स प्राइवेट लिमिटेड ने आज भारत में 2028 तक अपने स्टोरों की संख्या 1,000 तक पहुंचाने या हर तीन दिन में एक नए स्टोर की शुरुआत करने की योजना की घोषणा की। इससे पहले कंपनी ने नवंबर में लंबी अवधि की ट्रिपल शॉट रीइंवेन्शन स्ट्रैटेजी पेश की थी। इस रणनीति का पूरा ध्यान स्थानीय पार्टनर्स को रोजगार के लिए तैयार करने, बेहतर अनुभव के साथ ग्राहकों को सेवाएं देने वाले नए स्टोर्स की शुरुआत करने की ओर है। साथ ही कंपनी दुनिया भर में स्टारबक्स के ग्राहकों के बीच भारतीय मूल की कॉफी को बढ़ावा देना चाहती है।

इस हफ्ते भारत आए स्टारबक्स के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर लक्ष्मण नरसिम्हन ने कहा पिछले 11 वर्षों के दौरान भारत पूरी दुनिया में स्टारबक्स के लिए सबसे तेजी से वृद्धि करते बाजारों में से एक बन गया है। भारत में मध्यम वर्ग का विस्तार हो रहा है, ऐसे में हमें गर्व है कि हम देश की समृद्ध विरासत का सम्मान करते हुए कॉफी संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद कर रहे हैं। अपने विश्वसनीय कारोबारी साझेदार, टाटा और हमारे ग्रीन एप्रन पार्टनर्स के साथ हम इन असीम संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हम भारत में हर तीन दिन में एक स्टोर खोलने जा रहे हैं और सही मायनों में वैश्विक बनने की अपनी महत्वाकांक्षा को गति देंगे।

टाटा स्टारबक्स के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर सुशांत दास ने कहा हमने भारत में जो मजबूत नींव तैयार की है उसके दम पर हम वृद्धि के नए दौर में प्रवेश कर रहे हैं। यह अनोखा स्टारबक्स अनुभव तैयार करने की हमारी प्रतिबद्धता पर आधारित है जो ग्राहकों, समुदायों और साझेदारों को आगे बढ़ने में मदद करता है।

## रुशिल डेकोर को भारत सरकार द्वारा 3 स्टार प्रमाणपत्र से पुरस्कृत

**अहमदाबाद, एजेंसी।** लेमिनेट और एमडीएफ पैनल बोर्ड की लीडिंग कंपनी रुशिल डेकोर (बीएसई- 533470, एनएसई) ने घोषणा की कि उन्होंने 3 स्टार एक्सपोर्ट हाउस सर्टिफिकेशन प्राप्त कर लिया है, जो इंटरनेशनल ट्रेड के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण जीत का संकेत है। विदेश व्यापार महानिदेशालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय (भारत सरकार) से यह प्रतिष्ठित मान्यता, अंतर्राष्टीय बाज़ार की जरूरतों को पूरा करने वाले इनोवेटिव डिज़ाइन के साथ क्वॉलिटी मेंटेन रखने के लिए रुशिल डेकोर की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। 3 स्टार एक्सपोर्ट हाउस सर्टिफिकेशन रुशिल डेकोर के लिए बेहद प्राइड और वैलडैशन का मोमेंट है। यह ग्लोबल मार्केट में हाईएस्ट क्वॉलिटी के प्रोडक्ट्स डिलीवरी की हमारे कमिटमेंट को रेखांकित करता है। रुशिल डेकोर लिमिटेड के डायरेक्टर रुशिल ठक्कर ने कहा कि यह मान्यता न केवल हमारी विश्वसनीयता बढ़ाती है बल्कि इक्स्पैन्डड होराइजन (विस्तारित क्षितिज) और निरंतर विकास का मार्ग भी प्रशस्त करती है। श्री ठक्कर ने आगे कहा कि, 3 स्टार एक्सपोर्ट हाउस सर्टिफिकेशन प्राप्त करने के लिए, हमने 250 करोड़ रुपये का एक्सपोर्ट टार्गेट हासिल किया। अब हम अगले चार वर्षों की अवधि के भीतर 500 करोड़ रुपये का एक्सपोर्ट टार्गेट हासिल करने और 4 स्टार एक्सपोर्ट हाउस स्टैटस का दर्जा प्राप्त करने का लक्ष्य बना रहे हैं।

## होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने अपने गुजरात प्लांट में लॉन्च की तीसरी असेम्बली लाईन



**अहमदाबाद, एजेंसी।** 'मेक इन इंडिया' पहल की दिशा में एक और उल्लेखनीय कदम बढ़ाते हुए होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने भारत के गुजरात राज्य स्थित विट्ठलपुर में अपने चौथे दोपहिया प्लांट में नई तीसरी असेम्बली लाईन का उद्घाटन किया, इसके साथ प्लांट की क्षमता 6.5 लाख युनिट्स बढ़ गई है।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री सुत्सुमु ओतानी, प्रेज़ीडेन्ट, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने कहा, ''आज गुजरात की विट्ठलपुर युनिट में नई तीसरी असेम्बली लाईन के उद्घाटन के साथ हमने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उपभोक्ताओं को अधिक दक्षता के साथ सेवाएं प्रदान करने के लिए क्षमता विस्तार की इस योजना से एचएमएसआई की कुल सालाना उत्पादन क्षमता बहुत अधिक बढ़ जाएगी। एचएमएसआई के गुजरात प्लांट में डोमेस्टिक एवं एक्सपोर्ट के लिए स्कूटर मॉडल्स बनाए जाते हैं, ऐसे में यह विस्तार हमें न सिर्फ भारत में बल्कि दुनिया भर में स्कूटरीकरण के रूझानों में अग्रणी बने रहने में मदद करेगा।'' एचएमएसआई की विट्ठलपुर युनिट दुनिया में होण्डा का सबसे बड़ा स्कूटर-ओनली प्लांट है। यह सरकार के 'मेक इन इंडिया' दृष्टिकोण के अनुरूप स्थानीय निर्माण को बढ़ावा देने की कंपनी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। एचएमएसआई के गुजरात प्लांट में नई तीसरी असेम्बली लाईन के साथ प्लांट की क्षमता 6.5 लाख युनिट्स बढ़ गई है।

होण्डा का बेस्ट-सैलिंग दोपहिया वाहन एक्टिवा और अन्य स्कूटर मॉडल्स जैसे डियो, एक्टिवा 125 और डियो 125 विट्ठलपुर युनिट में बनाए जाते हैं। एचएमएसआई के गुजरात प्लांट में एक समर्पित इंजन लाईन भी है, जहां थाईलैण्ड, यूएस, यूरोप, जापान आदि देशों से आने वाली मांग को पूरा करने के लिए ग्लोबल इंजन (250 सीसी और इससे अधिक श्रेणी के मॉडल्स के लिए) बनाए जाते हैं। उल्लेखनीय है कि दोपहिया निर्माण क्षमता की दृष्टि से भारत होण्डा के लिए दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण प्रोडक्शन बेस में से एक है।

## केस कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट ने आईआईटी इंदौर परिसर में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए संस्थान के साथ किया समझौता



**इंदौर एजेंसी।** सीएनएच इंडस्ट्रियल के अग्रणी ब्रांड केस कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान - इंदौर (आईआईटी-इंदौर) परिसर में केस सेंटर ऑफ एक्सलेंस स्थापित करने के लिए संस्थान के साथ एक समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। यह गठजोड़, केस की सीएसआर पहल का अंग है और इसका उद्देश्य है, विचारों के आदान-प्रदान, ज्ञान वृद्धि और अनुसंधान के लिए शैक्षणिक समुदाय और उद्योग के बीच बढ़ते सहयोग को बढ़ावा देना। इस समझौते पर केस कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट के विनिर्माण प्रमुख - पीथमपुर, श्री सतेंद्र तिवारी और आईआईटी इंदौर के निदेशक, प्रोफेसर सुहास एस जोशी ने संस्थान के पूर्व छात्र एवं कॉर्पोरेट संपर्क विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. पार्थ प्रतिम चट्टराज की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। केस सेंटर ऑफ एक्सलेंस मार्च 2024 तक तैयार होगा और यहां केस द्वारा तकनीकी मूल्यांकन के लिए प्रदत्त कई तरह के प्रयोगशाला उपकरण होंगे। सीएनएच इंडस्ट्रियल की भारत सीएसआर प्रमुख, कविता साह ने कहा, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) - इंदौर के साथ यह साझेदारी उद्योग और शिक्षा जगत के बीच नवोन्मेष और सहयोग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। एक विरासती ब्रांड के रूप में, केस भारत में उद्योग के सभी स्तरों पर कौशल विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल के साथ, हम नई पीढ़ी, शिक्षा जगत और उद्योगों को व्यावहारिक शिक्षा और आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करने को लेकर उत्साहित हैं। इस एमओयू के तहत आईआईटी इंदौर, परीक्षण और अनुसंधान गतिविधियों का समर्थन करने के लिए उपयोग के अनुरूप इस सेंटर को चलाने के लिए सभी आवश्यक बुनियादी ढांचे और आवश्यक ऑपरेटरों के साथ पर्याप्त स्थान प्रदान करेगा। यहां परीक्षण और अनुसंधान आईआईटी के शिक्षक तथा छात्र करेंगे। इस सेंटर में अनुसंधान और ज्ञान साझाकरण को बढ़ाने के लिए किसी भी अन्य बाहरी उद्योग या संगठन को उपयोग की अनुमति होगी। आईआईटी, इंदौर के निदेशक सुहास एस जोशी ने कहा, यह अत्याधुनिक केस सेंटर ऑफ एक्सलेंस रणनीतिक रूप से संस्थान के विकास में योगदान देगा और यह सहयोग हमारे संस्थान में अनुसंधान एवं विकास को महत्वपूर्ण रूप से पुनर्परिभाषित करेगा।

## यूनिकॉमर्स ईसॉल्यूशंस लिमिटेड ने सेबी के समक्ष दाखिल किया अपना डीआरएचपी

**मुंबई एजेंसी।** यूनिकॉमर्स ईसॉल्यूशंस लिमिटेड ('द कंपनी'), जो 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए राजस्व के मामले में ट्रांजेक्शन प्रोसेसिंग लेयर में भारत का सबसे बड़ा ई-कॉमर्स सक्षम सॉफ्टवेयर-एज-ए-सर्विस प्लेटफॉर्म है (स्रोत- रेडसीर रिपोर्ट), ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। वित्त वर्ष 2022 के दौरान भारत में इस सेगमेंट में शीर्ष पांच खिलाड़ियों में यूनिकॉमर्स एकमात्र लाभदायक कंपनी है (स्रोत- रेडसीर रिपोर्ट)। 2012 में स्थापित, यूनिकॉमर्स वित्त वर्ष 21 से पीएटी-पॉजिटिव रहा है। डीआरएचपी के अनुसार कंपनी के पास लाभप्रदता और विकास का लगातार ट्रैक रिकॉर्ड है, जिसमें वित्त वर्ष 23 और वित्त वर्ष 22 में पिछले वित्तीय वर्षों की तुलना में 52.56 प्रतिशत और 47.55 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि हुई है। सितंबर 2023 को समाप्त अवधि के लिए, यूनिकॉमर्स ने 103.74 करोड़ रुपये का एनुअल रेकरिंग रेवेन्यू (एआरआर) हासिल किया।

## ज़ोमैटो ने भोपाल में 'डिलीवरी पार्टनर्स डे' मनाया

**मुंबई, एजेंसी।** ज़ोमैटो, भारत के फूड ऑर्डरिंग और डिलीवरी प्लेटफॉर्म, ने हाल ही में भोपाल में अपना 'डिलीवरी पार्टनर्स डे' मनाया। इस कार्यक्रम का आयोजन सिल्वर इन, न्यू सुभाष नगर, अशोक गार्डन, भोपाल में किया गया। कंपनी अपने 'डिलीवरी पार्टनर्स डे' कार्यक्रमों द्वारा डिलीवरी पार्टनर्स के अमूल्य योगदान के लिए उन्हें सम्मानित करती है, और उनके परिवारों में खुशियाँ फैलाती है। ये पुरस्कार विभिन्न श्रेणियों में दिये गये हैं, जिनमें से हर एक डिलीवरी पार्टनर्स की प्रतिबद्धता और उपलब्धियों के लिए है। 'हीरोज इन रेड' पुरस्कार कार्यक्रम में पुरस्कार पाने वालों के परिवार की मौजूदगी में छह श्रेणियों में पुरस्कार दिये गये, जिनमें से प्रत्येक ने ज़ोमैटो के समर्पित डिलीवरी पार्टनर्स के असाधारण योगदान को सम्मानित किया।

# जिम है जरूरी पर बरतें सावधानियां



शीत ऋतु में भी जिम में व्यायाम करने जरूर जाएं, पर मौसम के अनुसार इस संबंध में थोड़ी सावधानी भी बरतें, ताकि आपका जिम जाना जारी रह सके और आप रहें फिट। इस मौसम में जिम जाने में क्या-क्या सावधानी बरतें

सर्दियों का मौसम जोर पकड़ रहा है। ऐसे मौसम में आमतौर पर शरीर में आलस्य बढ़ने लगता है। इससे कई बार हम व्यायाम के प्रति लापरवाह भी होने लगते हैं, जबकि इस मौसम में जिम में व्यायाम करना अधिक आवश्यक हो जाता है। इस मौसम में पसीना कम आता है, हम फूडी भी ज्यादा हो जाते हैं, भूख बढ़ जाती है। यही नहीं हमारी मूवमेंट पर भी फर्क पड़ता है। इन सभी से वजन भी बढ़ने लगता है। ऐसे में जिम जाने वालों के लिए उसे नजरअंदाज करना या पूरी तरह से बंद करना उचित नहीं। हां, यह और बात है कि कुछ बातों का ध्यान रख कर जिम में व्यायाम के समय वर्तमान जलवायु के दुष्प्रभावों से बचते हुए उसे नियमित रखा जा सकता है।

## यह कितना जरूरी है

इवोल्युशन फिटनेस जिम के ओनर और फिटनेस ट्रेनर मंजीत सोलंकी बताते हैं कि कुछ लोग सर्दियां शुरू होने पर जिम में व्यायाम करना बंद कर देते हैं और जब सर्दियां खत्म होने लगती हैं, तब फिर से वर्कआउट शुरू कर देते हैं। अगर आप जिम जाते रहे हैं तो वर्कआउट पूरी तरह बंद करना बिल्कुल सही नहीं। सर्दियों में भी जिम में वर्कआउट नियमित रूप से करना चाहिए। अगर आप ज्यादा जिम नहीं जा पा रहे हैं तो भी हफ्ते में कम से कम  चार दिन और करीब डेढ़ घंटे जिम में व्यायाम नियमित तौर पर करें।

## अनिवार्य है व्यायाम

सर्द मौसम में कैलोरी बढ़ने लगती है और हम फैटी होने लगते हैं, इसलिए हमें अपने व्यायाम में रनिंग, वेट ट्रेनिंग और कार्डिओ शामिल रहना चाहिए। खासकर कार्डिओ व्यायाम तो ज्यादा से ज्यादा करने चाहिए। रनिंग के लिए ध्यान रखना चाहिए कि शीत ऋतु में सुबह-सुबह खुले इलाके जैसे पार्क आदि में रनिंग न करें, क्योंकि बाहर के तापमान का शरीर पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। यही नहीं, दिनचर्या में भी चलने-फिरने और घूमने वाली गतिविधियां शामिल होनी चाहिए।

## पहनावे के प्रति सावधानी

हम आकर्षक दिखने के लिए पार्टी आदि में तो पहनावे के प्रति सजग रहते हैं, लेकिन व्यायाम के समय नहीं। खासकर आजकल के मौसम में व्यायाम के लिए भी हमें पहनावे का ध्यान रखना चाहिए। वर्कआउट के समय हमारा शरीर गर्म हो जाता है, इसलिए उस दौरान या उससे पहले और बाद में हमारी क्लोथिंग उचित होनी चाहिए। बकौल फिटनेस ट्रेनर मंजीत सोलंकी, जिम में व्यायाम के लिए जाते समय इनलाइन से आउटलाइन तक हमें अपने कपड़ों पर ध्यान देना चाहिए। प्रोपर कपड़े पहनने चाहिए, जिससे आपको व्यायाम करने में सहूलियत हो और तापमान की वजह से शरीर को भी परेशानी न हो। यह मौसम सिर पर सबसे जयादा प्रभाव डालता है, इसलिए जिम आते-जाते समय सिर अच्छी तरह से ढका होना चाहिए। इसके लिए विंटर कैप का इस्तेमाल करें। इससे आप सर्दियों में होने वाली बीमारियां जैसे खांसी, जुकाम, सिर दर्द, नाक व कान दर्द आदि की परेशानियों से बच सकेंगे। अक्सर लोग कार खुले में खड़ी करके उसी में जैकेट, कोट आदि छोड़ कर जिम जाते हैं और जिम में व्यायाम करने के बाद ठंड में बाहर निकलकर अपने व्हीकल तक पहुंचने के बाद जैकेट आदि पहनते हैं। इससे उनके सर्दियों संबंधी रोगों की चपेट में आने का खतरा रहता है। शरीर पर अन्य तरीकों से भी बुरा असर पड़ता है। इसलिए जिम में पहुंच कर ही जैकेट आदि उतारें और व्यायाम के बाद जिम से निकलने से पहले अपनी जैकेट, कैप आदि पहन कर ही बाहर निकलें।



## जिम जाने का समय

इस मौसम में जिम जाने के लिए कोई निश्चित समय नहीं है। आप अपनी सहूलियत के अनुसार जिम जा सकते हैं। जरूरी है कि आपका शरीर रिलैक्स हो। खासकर सर्दियों में पूरा आराम करने के बाद ही वर्कआउट के लिए जाएं। अक्सर समय कम होने पर हम जिम में वर्कआउट के उपरांत तुरंत बाहर निकल जाते हैं। यह आपकी सेहत को काफी क्षति पहुंचाता है। हैवी वर्कआउट के बाद थोड़ी देर आराम करने के बाद ही जिम से बाहर जाएं।

## आहार के प्रति सजग रहें

जब फिट रहने की बात हो तो खान-पान का जिक्र होना मुनासिब ही है। सर्दियों में अपने आहार में सूप अधिक शामिल करें। जिम में व्यायाम करने के बाद जूस पी सकते हैं तथा प्रोटीन से भरपूर डाइट लें। अमूमन सर्दियों में ठंडी चीजें जैसे आइसक्रीम, ठंडे पेय पदार्थ आदि के सेवन के लिए मना ही किया जाता है। ध्यान रखें कि जिम के तुरंत बाद ऐसे ठंडे पदार्थों का सेवन बिल्कुल न करें। जिम में व्यायाम करने के पश्चात आपके शरीर का तापमान काफी बढ़ा हुआ होता है, इसलिए करीब एक घंटे बाद ही ठंडी चीजों का सेवन करें। ऐसा नहीं करने से आपको गले संबंधी समस्या या नजले, जुकाम आदि की शिकायत हो सकती है।



# मूंगफली हर मौसम में खास ठंड का टाइम पास


मूंगफली में सभी पौष्टिक तत्व पाए जाते हैं। भारत में इसे गरीबों का काजू के नाम से भी जाना जाता है। भारत में सिकी हुई मूंगफली खाना काफी प्रचलित है, इसे टाइम पास के नाम से भी जानते हैं। जो लोग टाइम पास के नाम पर मूंगफली का सेवन करते हैं, उनमें से अधिकतर इसके गुणों के बारे में नहीं जानते और अनजाने में ही कई पौष्टिक तत्व ग्रहण कर लेते हैं, जो उनके शरीर के लिए काफी फायदेमंद रहते हैं। मूंगफली में प्रोटीन, चिकनाई और शर्करा पाई जाती है। एक अंडे के मूल्य के बराबर मूंगफलियों में जितनी प्रोटीन व ऊष्मा होती है, उतनी दूध व अंडे से संयुक्त रूप में भी नहीं होती। इसकी प्रोटीन दूध से मिलती-जुलती है, चिकनाई घी से मिलती है। मूंगफली के खाने से दूध, बादाम और घी की पूर्ति हो जाती है। मूंगफली शरीर में गर्मी पैदा करती है, इसलिए सर्दी के मौसम में ज्यादा लाभदायक है। यह खांसी में उपयोगी है व मेदे और फेफड़े को बल देती है। भोजन के बाद यदि 50 या 100 ग्राम मूंगफली प्रतिदिन खाई जाए तो सेहत बनती है, भोजन पचता है, शरीर में खून की कमी पूरी होती है और मोटापा बढ़ता है। इसे भोजन के साथ सब्जी, खीर, खिचड़ी आदि में डालकर नित्य खाना चाहिए। मूंगफली में तेल का अंश होने से यह वायु की बीमारियों को भी नष्ट करती है। मुट्ठीभर भुनी मूंगफलियां निश्चय ही पोषक तत्वों की दृष्टि से लाभकारी हैं। मूंगफली में प्रोटीन, केलोरिज और विटामिन के, ई, तथा बी होते हैं, ये अच्छा पोषण प्रदान करते हैं। मूंगफली पाचन शक्ति को बढ़ाती है, रुचिकर होती है, लेकिन गरम प्रकृति के व्यक्तियों को हानिकारक भी है। मूंगफली ज्यादा खाने से पित्त बढ़ता है अतः सावधानी रखें।

# अदरक सर्दियों में गुणकारी



**अदरक व सौंठ हर मौसम में, हर घर के रसोई घर में प्रायः रहते ही हैं। इनका उपयोग घरेलू इलाज में किया जा सकता है।**

- भोजन से पहले अदरक को चिप्स की तरह बारीक कतर लें। इन चिप्स पर पिसा काला नमक बुरक कर खूब चबा-चबाकर खा लें फिर भोजन करें। इससे अपच दूर होती है, पेट हलका रहता है और भूख खुलती है।
- अदरक का एक छोटा टुकड़ा छीले बिना (छिलके सहित) आग में गर्म करके छिलका उतार दें। इसे मुँह में रख कर आहिस्ता-आहिस्ता चबाते चूसते रहने से अन्दर जमा और रुका हुआ बलगम निकल जाता है और सर्दी-खाँसी ठीक हो जाती है।
- सौंठ को पानी के साथ घिसकर इसके लेप में थोड़ा सा पुराना गुड़ और 5-6 बूंद घी मिलाकर थोड़ा गर्म कर लें। बच्चे को लगने वाले दस्त इससे ठीक हो जाते हैं। ज्यादा दस्त लग रहें हों तो इसमें जायफल घिसकर मिला लें।





# एंटीबायोटिक से नहीं रुकता जुकाम

ब्रिटेन के रॉयल कॉलेज ऑफ जनरल प्रैक्टिशनर्स और वहां के स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए एक ताजा अध्ययन के अनुसार सर्दी-जुकाम के मामूली संक्रमण के लिए एंटीबायोटिक जरूरी नहीं है। रनिंग नोज या कफ वाली खांसी की समस्या वायरस की वजह से होती है, जो थोड़े समय बाद अपने आप ठीक हो जाती है। एंटीबायोटिक्स से व्यक्ति के शरीर में मौजूद अरबों बैक्टीरिया और वायरस की प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है। शोधकर्ताओं का कहना है कि एंटीबायोटिक्स के लगातार सेवन से जहां एक ओर शरीर में मौजूद फायदेमंद जीवाणु नष्ट हो जाते हैं, वहीं नुकसानदेह वायरस पर इन दवाओं का असर कम हो जाता है। क्योंकि ये वायरस एंटीबायोटिक्स के खिलाफ लड़ने के लिए अपनी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बना लेते हैं।

# हड्डियां मजबूत करता है टमाटर

लाल टमाटर को सलाद और सब्जी से लेकर फल की तरह भी खाने के उपयोग में लाया जाता है। पौष्टिक तत्वों से भरपूर यह फल आपकी ऑस्टियोपोरोसिस जैसे रोग से बचने में सहायता कर सकता है। एक नया अध्ययन भी इस बात की पुष्टि करता है कि टमाटर के ज्यूस का सेवन इस रोग से आपको दूर रख सकता है। इसका कारण है टमाटर में पाया जाने वाला एंटीऑक्सीडेंट केरेटोनॉइड लाइकोपेन जो टमाटर को लाल रंग भी देता है। इस तरह से मजबूत हड्डियों को पाने की राह में यह बेहद आसान और बनिस्बत सस्ता रास्ता है।



# 'केजीएफ 2' के बाद रवीना का फिर दिखा रौबीला अंदाज

अभिनेत्री रवीना की वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग का जब मेकर ने टीजर लांच किया तो रवीना का रौबदार किरदार नजर आया। तभी से इस सीरीज की चर्चाएं शुरू हो गई। मुंबई में मंगलवार की शाम को मेकर्स ने इस सीरीज का ट्रेलर लांच हुआ। इस अवसर अभिनेत्री रवीना टंडन ने कहा कि इस शो का ऑफर मुझे 10 साल पहले मिला था तब यह शो स्टार प्लस के लिए बनाया जा रहा था और अब ये डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होने जा रहा है। कर्मा कॉलिंग में अभिनेत्री रवीना टंडन इंद्राणी कोठारी का किरदार निभा रही हैं। ट्रेलर में वह गुरूर और दंभ से भरी नजर आ रही हैं। सवाल जवाब के दौरान रवीना टंडन ने कहा, 10 साल के बाद जब दोबारा इस सीरीज का ऑफर आया तो मैं बहुत दुविधा में थी कि यह शो करूं या ना करूं। क्योंकि इस सीरीज में मेरा जो किरदार है, वह मेरे व्यक्तित्व से काफी अलग है। मुझे डर था कि कहीं मेरी हमदर्दी इंद्राणी कोठारी के किरदार में न ढल जाए। लेकिन मैंने इसे एक चुनौती के रूप में लिए और इस किरदार के लिए काफी मेहनत की। अभिनेत्री रवीना टंडन ने कहा, मुझे इंडस्ट्री में 33 साल हो गए। इस दौरान मैंने कई तरह के किरदार निभाए हैं। लेकिन इस तरह का किरदार ना तो किसी फिल्म में निभाया है और ना ही किसी सीरीज में। सालों से मेरी यही कोशिश रही है कि हर तरह के किरदार निभाऊं। जब आप ऐसा सोचते हैं तो पूरी कायनात आपकी मदद करती है। मुझे वेब सीरीज अरण्यक और फिल्म केजीएफ 2 के बाद अब इस सीरीज में एक अलग किरदार निभाने का मौका मिला है। रवीना टंडन का कहना है कि एक एक्टर के तौर पर वह खुद को निर्देशक के सामने समर्पित कर देती है। उन्होंने कहा, हर एक्टर को अपने आपको निर्देशक के हाथ में छोड़ देना चाहिए। क्योंकि निर्देशक को हर किरदार की बारीकी पता होता है। इस सीरीज के शूटिंग के दौरान जब मेरे शॉट खत्म होता था, तब निर्देशक रुचि नारायण को एक लुक जरूर देती थी। अगर उनके हिसाब से शॉट ठीक हुआ तो आगे बढ़ते थे,नहीं तो वह इशारों में समझा देती थी कि उन्हें और बेहतर क्या चाहिए। वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग की डायरेक्टर रुचि नारायण इस सीरीज पर 10 साल पहले स्टार प्लस के लिए शो बनाने वाली थी। उस समय उन्होंने रवीना टंडन को शो में काम करने का ऑफर दिया था, लेकिन तब रवीना टंडन शो नहीं कर पाई। रवीना टंडन ने कहा, उस समय शो के लिए काफी समय देना पड़ता और उस समय मेरे लिए इतना समय निकाल पाना संभव नहीं था, क्योंकि मेरे बेटा रणबीर थडानी उस समय केवल चार महीने का था। लेकिन कर्मा वापस आता है और आज 10 साल के बाद यह शो फिर वापस मेरे पास वेब सीरीज के रूप में वापस आ गया।



# विद्युत की क्रैक में होगा -दिल झूम झूम चले, का रीमिक्स वर्जन

विद्युत जामवाल, नोरा फतेही, अर्जुन रामपाल जैसे सितारों से सजी फिल्म क्रैक-जीतेगा तो जीएगा फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित यह फिल्म 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की रिलीज से पहले यह खबर आ रही है कि फिल्म क्रैक में अली जफर के हिट ट्रैक झूम का रीमिक्स होगा। जानते हैं कि पूरा मामला क्या है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रीमिक्स गाने को विशाल मिश्रा और श्रेया घोषाल मिलकर अपनी आवाज देंगे। पाकिस्तानी गायक ने भी इस खबर पर प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में, श्रेया, विशाल मिश्रा और अली के बीच सोशल मीडिया पर दिल छू लेने वाली बातचीत ने फैंस का भी उत्साह बढ़ा दिया है। श्रेया ने अली जफर के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हुए ट्वीट किया, 卐दिल झूम झूम चले झूम चले, मैं हमेशा से अली जफर और खूबसूरत गाने झूम का बहुत बड़ी प्रशंसक रही हूं। यह मेरे दिल के बहुत करीब है। मैं विशाल मिश्रा के साथ फिल्म क्रैक में एक बार फिर इस गाने को सुनने का इंतजार कर रही हूं। बता दें कि क्रैक-जीतेगा तो जिएगा एक स्पोर्ट्स फिल्म है, जो आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित है। आदित्य आशिक बनाया आपने और टेबल नंबर 21 जैसी फिल्में निर्देशित कर चुके हैं। यह दो भाइयों पर आधारित फिल्म है। फिल्म में दर्शकों को एक्शन का जबर्दस्त डोज मिलने वाला है।



# मलाइका- अर्जुन के ब्रेकअप की खबरों पर लगा विराम


फिल्मी गलियारों में बीते कई दिनों से चर्चा है कि मलाइका अरोड़ा ने बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर से ब्रेकअप कर लिया है। इसी बीच अब फराह खान के एक वीडियो से ये सभी अफवाहें बेबुनियाद साबित हुई हैं। फराह खान के बर्थडे पर मलाइका ने अपने बॉयफ्रेंड अर्जुन से खास डिमांड कर उन्हें सरप्राइज दिया था। मलाइका ने दिया फराह को बर्थडे सरप्राइज 9 जनवरी को फराह खान 59 साल की हो गई हैं। फराह के बर्थडे पर सरप्राइज देने के लिए उनकी दोस्त और को-जज मलाइका अरोड़ा ने उनके लिए घर का खाना मंगवाया था। क्योंकि मलाइका खुद झलक दिखला जा की शूटिंग में व्यस्त थीं, तो उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर से घर का खाना लाने की डिमांड की थी। फराह खान ने खुद वीडियो शेयर कन्फर्म किया है कि वो खाना मलाइका नहीं बल्कि अर्जुन कपूर के घर से आया है। मलाइका, फराह को सरप्राइज देने के लिए झलक दिखला जा 11 के सेट पर अपनी वैनिटी में ले गई थीं, जहां उन्होंने उन्हें खाना खिलाया है। फराह ने वीडियो में खाना दिखाते हुए कहा है, वाह, मेरे बर्थडे का लंच हो रहा है और इतना सारा खाना मलाइका अरोड़ा ने खुद अपने हाथों से कॉल कर अर्जुन जी से मंगवाया है। इस खाने के लिए थैंक्यू अर्जुन। इस वीडियो को शेयर करते हुए फराह ने लिखा है, झलक दिखला जा के शूट पर प्री बर्थडे सेलिब्रेशन। मुझे बिगाड़ने वाले दोस्त पाकर बहुत अच्छा लग रहा है। थैंक्यू मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर, ये लंच ऑर्गेनाइज करने के लिए। रवीना टंडन का भी स्पेशल डिश लाने के लिए शुक्रिया और ऋत्विक धनजानी का भी ज्यादा खाना खाने के लिए शुक्रिया। बताते चलें कि मलाइका अरोड़ा ने अकेले क्रिसमस सेलिब्रेट किया था, जबकि अर्जुन कपूर अपनी बहन अंशुला के साथ लंदन में थे। दोनों को अलग-अलग सेलिब्रेट करते देखने पर दोनों के ब्रेकअप के कयास लगाए जा रहे थे।

# 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन में मीरा राजपूत ने खोला राज

शाहिद कपूर की पत्नी मीरा कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आस्क मी एनीथिंग सेशन किया। इस दौरान उन्होंने अपने फैंस के सभी सवालों के जवाब दिए। सेशन में एक फैन ने मीरा से शाहरुख को लेकर एक शब्द कहने के लिए कहा। इस पर मीरा ने बताया कि जब वो शाहरुख से मिलती हैं तब वो उन्हें पद्मश्री, डॉक्टर, सर या जी बुलाने पर जोर देते हैं। एक दूसरे यूजर ने मीरा से पूछा कि आपमें और शाहिद में कौन अच्छा डांसर है...इसका जवाब देते हुए मीरा ने लिखा- मेरे दो बाएं पैर हैं, लेकिन दो लोगों के लिए इतनी स्पिरिट काफी है। मीरा और शाहिद अक्सर अपनी शादीशुदा लाइफ के कुछ मोमेंट्स सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं। मीरा और शाहिद दोनों हाल ही में अपने बच्चों मिशा और जैन, ईशान खट्टर, नीलिमा अजीम और कुछ लोगों के साथ भूटान में फैमिली वेकेशन पर गए थे। शाहिद ने इंस्टाग्राम पर फैमिली वेकेशन का फोटो एलबम शेयर करते हुए लिखा था- 2024 में मुस्कुराने के लिए थोड़ा समय निकालें। शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े स्टारर अपकमिंग फिल्म देवा 2024 में रिलीज होगी। फिल्म ने अपना पहला शेड्यूल मुंबई में पूरा कर लिया है। ये फिल्म एक एक्शन थ्रिलर है, जिसका निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है। मुंबई में फिल्माई गई देवा के लिए शूटिंग अक्टूबर 2023 में शुरू हुई थी।


## शाहिद से 13 साल छोटी हैं मीरा

शाहिद कपूर और मीरा राजपूत की शादी 7 जुलाई, 2015 को पंजाबी रीति-रिवाज के साथ हुई थी। बता दें, कि शाहिद उम्र में मीरा से 13 साल बड़े हैं। शाहिद और मीरा को दो बच्चे हैं, बेटा जैन और बेटी मिशा। शाहिद और मीरा की मुलाकात तब हुई थी जब मीरा महज 20 साल की थीं। उस वक्त वो कॉलेज में पढ़ाई कर रही थीं, वहीं शाहिद उस वक्त 34 साल के थे। दोनों एक अरेंज मैरिज सेटअप में मिले और शादी के बंधन में बंध गए। शाहिद बताते हैं कि जब वो मीरा से शुरुआत में मिले थे, तब वह थोड़े शर्मिंदा थे। हालांकि, कुछ समय बाद एक्टर को एहसास हुआ कि मीरा को उनके स्टारडम से कोई फर्क नहीं पड़ता है।



# नागार्जुन की ना सामी रंगा का ट्रेलर रिलीज

सुपरस्टार नागार्जुन बड़े पर्दे पर फिर से धमाल मचाने को तैयार हैं। वे अपनी अपकमिंग फिल्म ना सामी रंगा से सिल्वर स्क्रीन पर वापसी कर रहे हैं। मंगलवार को फिल्म के मेकर्स ने इस बहुप्रतीक्षित फिल्म का ट्रेलर जारी किया, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। इस फिल्म को विजय बिन्नी ने निर्देशित किया, जो 14 जनवरी को रिलीज होगी। फिल्म के रिलीज डेट करीब आने के साथ ही मेकर्स पूरी तरह से इसके प्रमोशन में व्यस्त हो गए हैं। फिल्म के ट्रेलर से कुछ दिन पहले ही इसके गाने भी रिलीज किए गए हैं और आखिरकार इसका ट्रेलर भी दर्शकों के सामने आ गया है। 2 मिनट 32 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एक उत्सव के साथ होती है, जिसमें नागार्जुन डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। इसके बाद शुरू होता है ताबड़तोड़ एक्शन। ट्रेलर एक्शन और लव स्टोरी के साथ-साथ आगे बढ़ती है। फिल्म के ट्रेलर में एक के बाद एक कई गाने भी नजर आ रहे हैं। इसके बाद ट्रेलर में आशिका रंगनाथ की एंट्री की होती है। दोनों के बीच रोमांस के साथ फिल्म की कहानी आगे बढ़ती है।



# सनफ्लावर सीजन 2 में नजर आने वाली हैं अदा शर्मा

बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा अपनी विविध भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। द केरल स्टोरी में अपने सफल अभिनय के बाद वह एक बार फिर अपने प्रशंसकों को चोंकाने के लिए तैयार हैं। सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला प्रधान फिल्म द केरल स्टोरी में अपने योगदान के बाद, अदा अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए तैयारी कर रही है। अदा शर्मा इस बार मशहूर शो सनफ्लावर सीजन 2 में नजर आने वाली हैं। अभिनेत्री, जो अपने प्रोजेटकस को पूरा होने तक छुपा कर रखती है, वह इस लोकप्रिय शो के आगामी सीज़न में अपनी भूमिका को लेकर रोमांचित है। अदा ने बताया की, द केरल स्टोरी में ड्रामा और कमांडो में एक्शन करने के बाद, मैं कॉमेडी करना चाहती थी। यह भूमिका कुछ ऐसी है जिसके बारे में मैं ज्यादा खुलासा नहीं कर सकती, लेकिन यह एक अनोखा और डरावना किरदार है। पूरा सीज़न इसी के इर्द-गिर्द घूमती है। जैसे ही वह सनफ्लावर सोसाइटी में प्रवेश करती है, सभी के जीवन को उलट-पुलट कर देती है। सनफ्लावर सीजन 2 में अपनी भूमिका के अलावा, अदा शर्मा एक अंतरराष्ट्रीय फिल्म और बस्तर में अभिनय करने के लिए तैयार हैं, जो कि द केरल स्टोरी की टीम द्वारा ही बनाई गई है, जो कि नक्सलियों पर केंद्रित है। सुनील ग्रोवर, मुकुल चड्ढा, रणवीर शौरी, आशीष विद्यार्थी, गिरीश कुलकर्णी और अन्य कलाकारों से सजी सनफ्लावर सीज़न 1 ने पहले ही सबसे लोकप्रिय शो में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। अदा के प्रशंसक सीज़न 2 में उनके शानदार एवं कॉमेडी प्रदर्शन की प्रतीक्षा कर सकते हैं, जो उनकी बहुमुखी अभिनय करियर में एक और उपलब्धि जोड़ देगा।





# रेड 2 में लीड एक्ट्रेस के रोल में वाणी कपूर की एंट्री

अजय देवगन की फिल्म रेड 2 का फैंस बेसब्र होकर इंतजार कर रहे हैं। इसका पहला पोस्टर और रिलीज डेट पहले ही अनाउंस कर दिया गया था। अब नई खबर ये है कि फिल्म में लीड एक्ट्रेस के रोल में वाणी कपूर की एंट्री हुई है। पहले पार्ट में इलियाना डिक्रूज नजर आई थीं। हाल ही में टी-सीरीज ने अजय देवगन की हिट फिल्म रेड के सीक्वल की अनाउंसमेंट की थी। इस खबर को सुनकर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अमय पटनायक को एक बार फिर से स्क्रीन पर देखने के लिए फैंस बेताब हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, रेड 2 में इलियाना डिक्रूज की बजाय वाणी कपूर लीड रोल में नजर आएंगी। वाणी ने शुद्ध देसी रोमांस, चंडीगढ़ करे आशिकी जैसी फिल्मों में काम किया है। अब वो इस क्राइम ड्रामा में अजय की वाइफ के रोल में नजर आएंगी। उन्होंने सेट ज्वॉइन कर लिया है और कुछ दिनों में मुंबई में शूटिंग भी शुरू कर देंगी। ये पहला मौका होगा, जब अजय और वाणी साथ में स्क्रीन शेयर करेंगे।

# पूनम पांडे ने मालदीव की शूटिंग की रद्द, कहा- एकता, राष्ट्र के प्रति सम्मान पहले



एक्ट्रेस और मॉडल पूनम पांडे ने द्वीप देश के मंत्रियों के भारत विरोधी बयानों के बाद मालदीव में अपनी अपकमिंग शूटिंग रद्द करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा के संबंध में मालदीव कैबिनेट में तीन उप मंत्रियों द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणियों के आलोक में, एक्ट्रेस ने मौद्रिक लाभ पर राष्ट्रीय सम्मान को प्राथमिकता देकर एक सैद्धांतिक रुख अपनाया। इन मंत्रियों का कहना था कि इस यात्रा का उद्देश्य लक्षद्वीप को मालदीव के वैकल्पिक पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देना है। अपना अटूट समर्थन व्यक्त करते हुए, उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, हमारे देश और उनके नेताओं की गरिमा को बनाए रखना आवश्यक है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अनादर दिखाने वालों को निलंबित करने के फैसले के साथ मजबूती से खड़ी हूं। हमारे राष्ट्र के प्रति हमारी एकता और सम्मान हमेशा पहले आना चाहिए।

# नोएडा स्टेडियम में राम कथा व भूमि साधना समारोह 14 से

**नोएडा (चेतना मंच)।** जय श्रीराम 22 जनवरी 2024 राम मंदिर उद्घाटन समारोह के उपलक्ष में कृष्णा जन सेवा संस्थान की ओर से श्री राम कथा और भूमि साधना का आयोजन किया जा रहा है जो 14 जनवरी से लेकर 22 जनवरी तक नोएडा स्टेडियम रामलीला मैदान में होगी, कथा वाचक परम पूज्य अध्यात्म जगतगुरु श्री श्री 1008 राजराजेश्वरी पुरी के मुखारविंद से सुनेंगे।



13 जनवरी को भगवा ध्वज यात्रा सनातन धर्म मंदिर सेक्टर 19 से कथा स्थल नोएडा स्टेडियम तक आएगी। 14 जनवरी कलश यात्रा प्रात: 10 बजे चौड़ा गांव शिव मंदिर से कथा स्थल नोएडा स्टेडियम तक आएगी और 14 जनवरी, प्रात: 9:00 बजे मां अन्नपूर्णा भूमि के अंदर साधना करने के लिए प्रवेश करेंगी और दोपहर 2:00 बजे से कथा आरंभ हो जाएगी।

इस अवसर पर रानी चतुर्वेदी उपाध्याय, सुंदरी चतुर्वेदी,सुमित चतुर्वेदी, रामनिवास यादव जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा नोएडा महानगर, नवीन मिश्रा उपाध्याय भाजपा युवा मोर्चा, उज्जवल सिंह युवा मोर्चा, उमंग मित्तल, मोहित त्यागी, संदीप कुमार..मनीष गुप्ता, निमित गोयल, अमित सिंह भूपेन्द्र सिंह, वरुण चंदेल, वरुण यादव, सिद्धांत शर्मा, रघुनाथपुर पुष्कर शर्मा निठारी विशेष सहयोग रहेगा।

# नोएडा पंजाबी एकता समिति ने धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

**नोएडा (चेतना मंच)।**नोएडा पंजाबी एकता समिति द्वारा गुरूवार को सेक्टर-51 स्थित वेडिंग विला में लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम में सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा, विधायक पंकज सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा, उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विमला बाथम, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के चेयरमैन व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, भाजपा नोएडा के जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता,नोएडा प्राधिकरण के पूर्व सीईओ बलविंदर कुमार,एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन, वरिष्ठ भाजपा नेता रविकांत मिश्रा सहित कई अन्य अतिथिगण उपस्थित हुए।

कार्यक्रम के दौरान संगीतकार हरलीन सिंह, धीरज भंडारी पॉप स्टार के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मचाई।

इस दौरान नोएडा पंजाबी एकता समिति के मुख्य संरक्षक सतीश मेहता, मुख्य सलाहकार राजन ठुकराल, संरक्षक सुरिंदर मेहता, संरक्षक एवं सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, संरक्षक जसविंदर खोकर, सतपाल सचदेवा, एस. पी. आनंद,अश्वनी छाबड़ा, अध्यक्ष वीरेन्द्र मेहता व महासचिव नरेन्द्र चोपड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत मेहता, कोषाध्यक्ष गौरव चाचरा, उपाध्यक्ष नवीन सोनी, उपाध्यक्ष अतुल सहगल, सुनील मेहता, बी.के मेहता, रंजीव गुप्ता, अतुल मल्होत्रा सैकड़ों लोग मौजूद थे।




# प्रदेश प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

**नोएडा (चेतना मंच)।** मेरठ में आयोजित कांग्रेस पार्टी के पश्चिम ज़ोन में संवाद एवं कार्याशाला में भाग लेने पहुंचे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय का नोएडा महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर के नेतृत्व में अपने सैकडों साथियों के साथ नोएडा सेक्टर-62 फ्लाई ओवर पर फूल माला पहनाकर व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।



इस अवसर पर मुख्य रूप से नोएडा महानगर कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार तंवर, जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर प्रभारी योगी जाटव, ओबीसी प्रदेश उपाध्यक्ष फिरे सिंह नागर, ओबीसी प्रदेश महासचिव उर्मिला चौधरी, पूर्व अध्यक्ष मुकेश यादव, पूर्व महानगर अध्यक्ष शाहबुद्दीन, वरिष्ठ नेता दिनेश अवाना, पूनम पंडित, वरिष्ठ कांग्रेस नेता चरण सिंह यादव, उपाध्यक्ष ललित अवाना, रिज़वान चौधरी, सोनू प्रधान, कोषाध्यक्ष रामकुमार शर्मा, महासचिव जितेंद्र चौधरी, जिला सचिव मुकेश शर्मा, एससी एसटी प्रकोष्ठ ज़िला अध्यक्ष धर्म सिंह वाल्मीकि,जिला महासचिव रामभरोसे शर्मा, लियाकत चौधरी, पीसीसी सदस्य यतेन्द्र शर्मा, सतेन्द्र शर्मा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नोएडा के आवासीय सेक्टरों में सुरक्षा को लेकर हुआ मंथन



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा रेजीडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) के पदाधिकारियों ने नोएडा के सेक्टरों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने तथा सेक्टरों में पुलिस गश्त को बढ़ाने के लिए नोएडा कमिश्नरेट के पुलिस अधिकारी से वार्ता की।

फोनरवा के पदाधिकारियों ने एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्रा से मुलाकात की और उनसे नोएडा में कानून व्यवस्था से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई।साथ ही विभिन्न सेक्टरों कि आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों के साथ फिर से बैठक करने का निवेदन किया। श्री मिश्रा ने आश्वाशन दिया कि आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों के साथ जल्दी ही बैठक शुरू की जाएगी।

इस अवसर पर फोनरवा के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, महासचिव के के जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय भाटी, अशोक मिश्रा, देवेंद्र चौहान, लाटसाहब लोहिया, जीएस सचदेवा, देवेंद्र कुमार, कोशिंदर यादव, हिरदेश गुप्ता आदि उपस्थिति थे।

# कृषि उपकरणों के लिए 52 किसानों का ई-लॉटरी से चयन

**गौतमबुद्धनगर (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश शासन की योजना के अनुसार 10000 रूपये से अधिक अनुदान वाले समस्त कृषि यंत्रों/कृषि रक्षा उपकरणों के आवंटन के लिए लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में ई-लॉटरी की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि यंत्रों जैसे कस्टम हायरिंग सेंटर, फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना, हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, थरेसिंग फ्लोर व स्मॉल गोदाम इत्यादि के लाभार्थियों का चयन करने के उद्देश्य से विकास भवन के सभागार में जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष ई-लॉटरी संपन्न हुई, जिसमें कृषि यंत्रीकरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन दलहन एवं तिलहन योजना के अंतर्गत जनपद में कल्टीवेटर के 4 लक्ष्य, रोटावेटर के 27, कस्टम हायरिंग के 4, चेप कटर के 4, लेटर एंड लेवलर के 5, हैरो के 2,



स्मॉल गोदाम के 2, सीड ड्रिल 2 तथा ब्रश कटर के 2 लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया गया।

उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के 239 कृषकों ने ऑनलाइन आवेदन किया, जिसके सापेक्ष 52 लाभार्थी चयनित हुए। ई-लॉटरी में काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी पवन मंगल, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, जिला उद्यान अधिकारी शिवानी तोमर, लीड बैंक प्रबंधक विदुर भल्ला व अन्य संबंधित अधिकारी एवं योजनाओं में आवेदन करने वाले कृषक उपस्थित रहे।

# 'परीक्षा पे चर्चा' विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** प्रज्ञान पब्लिक स्कूल जेवर में कक्षा-9 से कक्षा-11वीं के छात्र-छात्राओं के लिये 'परीक्षा पे चर्चा' विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। विद्यालय के हॉल में आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने 'परीक्षा पे चर्चा' विषय पर आधारित सुंदर-सुंदर पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने परीक्षा के दौरान तनाव को दूर करने,परीक्षा की तैयारी की योजना बनाने की महत्वपूर्णता को पोस्टरों के माध्यम से व्यक्त किया।

इस प्रतियोगिता के संचालन में कविता सिन्हा, राजेन्द्र निगम, गजेंद्र सिंह यादव, सुश्री ज्योति एवं सविता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय के प्रबन्धक हरीश कुमार शर्मा एवं प्रधानाचार्या दीप्ति शर्मा ने परीक्षा पर चर्चा विषय पर छात्र-छात्राओं की पोस्टरों में प्रदर्शित रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की।

# दीपक विग व डा. सुशील चौधरी को मिला पंजाबी रत्न का खिताब

**नोएडा (चेतना मंच)।** पंजाबी विकास मंच के चेयरमैन तथा समाजवादी पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष दीपक विग तथा आई केयर हास्पीटल के चेयरमैन डा. सुशील चौधरी को पंजाबी रत्न खिताब से नवाजा गया। समाजसेवा में उल्लेखनीय कार्य के लिए दोनों को इस सम्मान से नवाजा गया।

सेक्टर-56 स्थित सामुदायिक भवन में कल शाम पंजाबी विकास मंच द्वारा लोहड़ी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर कलाकारों ने भांगड़ा, गिद्दा नृत्य के अलावा पंजाबी गाने के भी जलबे बिखेरे।

पंजाबी विकास मंच ने धूमधाम से मनाया लोहड़ी का पर्व






इस अवसर पर गौतमबुद्धनगर के सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा, उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के चेयरमैन व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, पूर्व राज्यमंत्री नवाब सिंह नागर, कांग्रेस के नोएडा महानगर अध्यक्ष रामुकमार तंवर, फोनरवा अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा के अलावा पंजाबी विकास मंच के अध्यक्ष जी.के. बंसल ने दीपक विग व डा. सुशील चौधरी को मोमेंटो प्रदान किया तथ शाल व गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में जी.के. बंसल, ओ.पी. गोयल, बी.बी. सभरवाल, विनोद ग्रोवर, आर.एन. गुप्ता, जे.एम.सेठ, संजीव पुरी, संजीव बांधा, एसपी कालरा, सुनील वाधवा, हरीश सभरवाल, प्रदीप वोहरा, एस.एस. सचदेव, अलका सूद, सरोज भाटिया, प्रभा जयरथ, ऋतु दुग्गल, अमरदीप शाह, प्रेम अरोड़ा, यश पाल भनोत, संजय खत्री, आर के भट्ट, सुनील वर्मा, परवीन पासी, विक्रम कालसी, जितेंद्र कठपालिया, गौरव जग्गी, विनीत कपूर, नीलम भागी, शरण चौहान, पिंकी गुप्ता, डी.एस. चावला, अजय साहनी, अचल जैन, राजकुमार नारंग, नरेन्देर थरेजा, राजेश साहिल आदि सभी पदाधिकारियों ने महत्व पूर्ण भूमिका निभाई।

# बिल्डिंग मैटेरियल चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख पुलिस ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में निर्माणाधीन मकान के बाहर से बिल्डिंग मैटेरियल का सामान चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस पुलिस ने इस गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से तमंचा, कारतूस, चाकू, वारदात में प्रयुक्त स्विफ्ट कार, टेंपो व चोरी के माल को बेचकर प्राप्त किए गए 50 हजार रुपए बरामद किए हैं।



थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि बीते 3 जनवरी की रात्रि को थाना क्षेत्र के एक गांव में 6 प्रतिशत प्लॉट की निर्माणाधीन साइट से बिल्डिंग मटेरियल का सामान चोरी हो गया था। चोर सरिया, लोहे के फर्मे व अन्य सामान चोरी कर ले गए थे। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने नासिर, यूनुस, नफीस, नाजिम, आजाद एवं आसिफ को गिरफ्तार किया इनके पास से एक तमंचा कारतूस पांच चाकू बरामद हुए पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त स्विफ्ट कार, एक टाटा-407 टेंपो को भी बरामद किया। आरोपियों के पास से चोरी के सामान को बेचकर प्राप्त किए गए 50 हजार रुपए भी बरामद हुए हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी स्विफ्ट कार में बैठकर निर्माणाधीन साइटों की रेकी करते थे। रेकी करने के बाद आरोपी रात्रि में साइट पर पहुंचकर चोरी के समान को टाटा-407 में भरकर रफू चक्कर हो जाते थे।